डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22
न दबाव, न भेदभाव
इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन
राष्ट्रीय हिन्दी मेल 28वां वर्ष

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-28 अंक-243 | www rashtriyahindimail.in | भोपाल, गुरुवार 27 जून 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य पांच रुपये

3 भ्रष्ट जोनल अधिकारियों ...
4 मानव धर्म ही सर्वोत्तम ...
7 राजस्थान के शिक्षा मंत्री के खिलाफ ...

# मीसा बंदियों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह मिलता रहेगा: मोहन यादव

- 29 सांसदों को घर-घर मोदी हर-हर मोदी का पाठ पढ़ाया
- सभी सांसद अपने क्षेत्रों में जाएंगे जनता के प्रति करेंगे आभार प्रदर्शन
- केन-बेतवा परियोजना को समय से पूरा किया जाएगा
- मोदी जी से क्या-क्या मांगें, मांगने से पहले मिल जाता है सब कुछ





**नई दिल्ली से विशेष रिपोर्ट**
**विजय कुमार दास**
**मो. 9617565371**

*मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अपनी व्यस्तता का हैट्रिक बनाया। सुबह और शाम को दिल्ली में रहे, और सांसदों के साथ डिनर में मप्र में विकास की राजनीति को समझाते-समझाते घर-घर मोदी हर-घर मोदी का पाठ पढ़ा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबसे पहले तो आपातकाल के दिन लोकसभा के दूसरी बार स्पीकर चुने जाने वाले ओम बिरला को बधाइयां दीं। फिर सांसदों से कहा कि, मप्र की जनता ने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में भाजपा को मप्र में और केन्द्र में एनडीए की सरकार को स्थापित करने के लिए जैसा समर्थन दिया है वह अद्भुत है और अद्वितीय है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी सांसदों की जबावदारी है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र में जाएं और जनता के प्रति आभार प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित करें। डॉ. मोहन यादव ने सभी सांसदों से अपील की है कि, वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में केन्द्र से जुड़ी हुई कोई न कोई ऐसी योजना को साकार करें जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की परिकल्पना और विकसित भारत संकल्प पूरा हो सके और आने वाले 2029 तक मोदी सरकार के प्रति जनता का वैसा ही विश्वास की समर्थन भाजपा के सर्वमान्य श्रेष्ठ नेता मोदी जी को फिर से मिल सके। डॉ. मोहन यादव ने सांसदों की बैठक के बाद राष्ट्रीय हिन्दी मेल के इस प्रतिनिधि से कहा कि, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आपात काल में जितने कष्ट उठाए हैं उसे याद करके आज की हम सबके रोंगटे खड़े हो जाते हैं, उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल लागू करने के लिए देश की जनता से बार-बार माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि संविधान के खिलाफ उठाया गया आपातकाल में कठोर कदम इंदिरा गांधी की सरकार का क्रूर एवं अनैतिक निर्णय था। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि, हम मप्र में मीसा बंदियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह लोकतंत्र सेनानी का दर्जा एवं सम्मान देते हैं और यह सम्मान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि, बैठक में यह भी कहा गया है कि सभी सांसद 30 जून को 'पीएम के मन की बात' सुनें। पार्टी के तय कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत 29 जून को पौधरोपण करें। सांसदों से यह भी कहा गया है कि जिसकी मां हों, वह अपनी मां के साथ पौधारोपण करें और जिनकी मां न हों, वह अपनी मां की तस्वीर साथ में ले जाकर पौधारोपण करें। इस अवसर पर बैठक में सभी 29 लोकसभा सीट जीतने पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद का स्वागत किया। इस विशेष रिपोर्ट का लब्बोलुआब यह है कि, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चुने हुए 29 सांसदों से मप्र को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित भारत संकल्प के रोडमैप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही आगे रखकर प्रदेश में राजनीति संचालित करने का संकेत दे दिया हो तो चौंकिएगा मत।*



विशेष रिपोर्ट के लेखक इस पत्र समूह के प्रधान संपादक हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी को डॉ. यादव ने सिंचाई परियोजनाओं के भूमिपूजन का दिया आमंत्रण



**भोपाल/नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य की दो बड़ी जल शक्ति परियोजनाओं की जानकारी दी और उन्हें इनके भूमिपूजन का आमंत्रण दिया, जिस पर प्रधानमंत्री ने इसके लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी। डॉ. यादव ने इसके साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से भी मुलाकात की। इस भेंट के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की दो बड़ी नदी जोड़ो अभियान में प्रधानमंत्री मोदी की विशेष रूचि है। केन-बेतवा लिंक परियोजना टेंडर की स्थिति में है। इसके माध्यम से बुंदेलखंड के 10.15 जिलों को बहुत लाभ मिलेगा। ये ज्यादा पानी की दरकार वाला क्षेत्र है। इसमें सरकार गंभीरता से आगे बढ़ी है। बहुत जल्द इसके नतीजे मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रत्यक्ष मुलाकात कर, उनको निमंत्रण भी दिया और उन्होंने सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। आने वाले एक-दो महीने में इसकी तारीख निश्चित करके इसका भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की एक और परियोजना पश्चिमी मध्यप्रदेश के लिए बहुत काम की है। इसमें राजस्थान के साथ अनुबंध हुआ है।

## 1 जुलाई से लागू होंगे 3 नए कानून

### देश में कहीं भी दर्ज हो सकेगी जीरो एफआईआर

**नई दिल्ली।** देश में 1 जुलाई से लागू होने वाले तीन नए क्रिमिनल कानून अपराध से जुड़ी कई चीजें बदल देंगे। देश में कहीं भी (जीरो) एफआइआर दर्ज हो सकेगी। इसमें धाराएं भी जुड़ेंगी। 15 दिन में (जीरो) एफआइआर को संबंधित थाने को भेजनी होगी। पुलिस को पीड़ित को 90 दिन में प्रोग्रेस रिपोर्ट भी देनी होगी। चार्जशीट भी 90 दिन में दाखिल करनी पड़ेगी। जांच अधिकतम 6 माह में पूरी करनी होगी। इसी अवधि में आरोप तय करने होंगे। सुनवाई पूरी होने के 30 दिन में फैसला सुनाना होगा। फैसला व सजा के ऐलान के बीच एक हफ्ते का समय मिलेगा। आइपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता लागू की जा रही है। भोपाल में इसे लागू करने की तैयारी चल रही है।

## 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए ओम बिरला



**लीड खबर**
**संदीप नेपोलियन: मो. 9589007339**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार और कोटा से सांसद ओम बिरला बुधवार को 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा समर्थित प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक, जिसने के सुरेश को अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया था, ने मतविभाजन के लिए दबाव नहीं डाला। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिरला को शुभकामनाएं दीं और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके साथ आसन तक गए। परंपरागत रूप से लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति से किया जाता है। राजस्थान के कोटा से तीन बार सांसद रहे भाजपा के ओम बिरला और केरल के मवेलीकारा से आठ बार सांसद रहे कोडिकुन्निल सुरेश के बीच मुकाबला तब सामने आया जब एनडीए ने विपक्षी भारतीय गुट की इस मांग को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि एनडीए उम्मीदवार के समर्थन के बदले में उपसभापति का पद विपक्ष के लिए छोड़ दिया जाए। एनडीएए जिसके पास 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 सांसदों का समर्थन है, ने अपना स्पष्ट बहुमत प्रदर्शित करते हुए यह सुनिश्चित किया कि बिड़ला 17वीं लोकसभा में जिस कुर्सी पर बैठे थे, उसी पर वापस लौटें।18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू हुआ और 3 जुलाई को समाप्त होगा। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा। 27 जून को राष्ट्रपति मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे।

## ईडी के बाद सीबीआई की गिरफ्त में अरविन्द केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को बड़ा झटका लगा है। ईडी के बाद सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। तिहाड़ जेल में सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ की। 25 जून को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शराब नीति घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल से पूछताछ की। इस दौरान उनका स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को हाईकोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया। अभी वह तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की पीठ ने 20 जून को निचली अदालत द्वारा दिए गए अरविंद केजरीवाल के जमानत आदेश पर रोक लगा दी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के वकील ने कहा कि जब एक बार बेल ग्रांट कर दी जाती है तो इसमें स्टे नहीं होता है। आज (26 जून) सुप्रीम कोर्ट में हम अपनी दलील रखेंगे। 25 जून को हुई सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- इस न्यायालय का मानना है कि ट्रायल कोर्ट ने अपना विवेक नहीं लगाया है और सामग्री पर विचार नहीं किया है।

## 3 जुलाई को पेश होगा मोहन सरकार का पहला बजट



राष्ट्रीय हिन्दी मेल टीम

**भोपाल।** मप्र विधानसभा का मानसून सत्र 1 जुलाई से शुरू होने वाला। इस सत्र में डॉ. मोहन सरकार अपना पहला व साल 2024-25 के लिए 3 जुलाई को बजट विधानसभा में पेश करेगी। यह बजट साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक का होने का अनुमान है। बजट को लेकर सरकार ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। वहीं विपक्ष ने सदन में सरकार को घेरने की रणनीति भी तैयार कर ली है। विधानसभा सचिवालय ने 19 जुलाई तक चलने वाले सत्र के लिए कार्यवाही विधेयक पेश करने और प्रश्नोत्तर काल के समय की सूची विधायकों के लिए जारी कर दी है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के चलते फरवरी में 4 माह का अंतरिम बजट पारित हुआ था। इस सत्र के पहले दिन और दूसरे दिन प्रश्नोत्तर काल के बाद शासकीय कार्य होंगे। जिसमें विधेयक पेश किए जाएंगे। इसके बाद 3 जुलाई को मोहन सरकार का बजट पेश होगा। इसमें वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा वर्ष 2024.25 के आय व्यय का लेखा जोखा पेश करेंगे। सचिवालय की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक, मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन की जानकारी सदन के पटल पर सुबह 11:05 बजे रखी जाएगी। 4 और 5 जुलाई को प्रश्नोत्तर काल के बाद बजट पर चर्चा होगी। साथ ही पांच जुलाई को ही अशासकीय संकल्प और विधेयक पेश किए जाएंगे।इसके बाद 2 दिन अवकाश के बाद 8 जुलाई को प्रश्नोत्तर काल के बाद विभागीय मांगों पर मतदान कराया जाएगा और यह प्रक्रिया 12 जुलाई तक चलेगी। 12 जुलाई को ही अशासकीय संकल्प और विधेयक सदन में पेश किए जाएंगे। इसके बाद 13 और 14 जुलाई को विधानसभा का अवकाश रहेगा। 16 जुलाई को बजट को मंजूरी दी जाएगी। 17 जुलाई को अवकाश के बाद 18 और 19 जुलाई को शासकीय विनियोग विधेयकों पर चर्चा होगी। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, राज्यपाल के अभिभाषण के साथ एक जुलाई से शुरू होने वाले 16वीं विधानसभा के तीसरे सत्र में बैठकों की जो तारीखें तय हुई हैं।

## बड़े-बड़े लोगों की बातें

### मुख्यमंत्री का निर्देश है मोदी फॉमूले पर काम करो कलेक्टर ने आदेश का पालन किया रेत माफियाओं के 200 डंपर -पोकलेन पकड़ लिया प्रमुख सचिव कलेक्टर पर भड़के बोला किसने कहा माफियाओं के खिलाफ तेजी से काम करो

### इसलिए तो मध्यप्रदेश में 'कलेक्टर संस्थान' हो गया बर्बाद



*मध्यप्रदेश में कलेक्टर संस्थान की प्रतिष्ठा को तार-तार करने के लिए, कोई और जिम्मेदान नहीं, जिम्मेदार है तो पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस की तरह कुछ अर्कमन्य नौकरशाह जिन्हें सरकार की छवि से कोई लेना देना नहीं होता। उन्हें अपने लोगों के साथ सांटगांठ में यदि कलेक्टर ने दखल अंदाजी की तो वे फिर वे कलेक्टर इंस्टीट्युशन को बर्बाद करने में पीछे नहीं रहते। ताजा उदाहरण है कि, मध्यप्रदेश में एक आदिवासी जिले के जाबाज कलेक्टर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के फॉमूले को लागू करते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अपने जिले में कथित माफियाओं पर नकेल डाल दी। जानकारों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि, 50 साल के इतिहास में भी उक्त जिले को ऐसा जाबाज कलेक्टर नहीं मिला था, जिसने खनिज माफियाओं के 200 ट्रक, डंफर और पोकलेन का` पकड़ कर जप्त करके अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाई और गांव वालों ने राहत की सांस ली । लेकिन दुर्भाग्य देखिए कलेक्टर यदि भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करे, मुख्यमंत्री के निर्देश पर खनिज माफियाओं और रेत माफियाओं के अवैध उत्खनन में उपयोग में लाई गई ट्रक, डंफर और पोकलेन पकड़ ले तो प्रमुख सचिव साहब भड़क जाते है। सूत्रों का कहना है कि, पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के फालोगार्ड के रूप में काम करने वाले प्रमुख सचिव ने आदिवासी जिले में बहादुरी से काम करने वाले, एक डाउन-टू-अर्थ कलेक्टर को इतनी डांट लगाई जैसे मीडिल स्कूल में कोई सिरफिरा प्राचार्य अपनी क्लास में होशियार बच्चें की जानबूझकर पिटाई कर देता है और वह बच्चा रो-रोकर हमेशा-हमेशा के लिए दहशत में चला जाता है। कल की घटना कुछ ऐसी ही थी एक प्रमुख सचिव ने गरीब परिवार की पृष्ठभूमि से आए हुए, आदिवासी जिले के कलेक्टर को डिप्रेशन में डाल दिया है। सूत्रों के अनुसार 55 जिले के कलेक्टरों से उन्होंने यह कहा है कि, तुन्हीं कलेक्टर हो और तुम्हीं बुद्धिमान हो, कब से कर रहे हो कलेक्टरी, क्या जरूरत थी इतनी सारी गाड़ियां पकड़ने की होश में रहकर काम करो वरना ...। इस कॉलम का लब्बोलुआब यह है कि, मध्यप्रदेश के कुछ अर्कमण्य नौकरशाह कलेक्टर संस्थानों को इसी तरह बर्बाद करते है और कलेक्टर को कलेक्टर रहने देने में उन्हें बड़ी तकलीफ है। सूत्रों के अनुसार लोग कहते है कि, जब पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस द्वारा इसी तरह डांट लगाई जाती थी तो कलेक्टर कलेक्टर नहीं रहता था मैनेजर बन जाता था। और कलेक्टर संस्थान की हैसियत को शून्य करने में ऐसे ही नौकरशाहों का नाम काले अक्षरों में लिखा जाता है। उल्लेखनीय है कि, उपरोक्त वाक्या मध्यप्रदेश में खनिज विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव एवं बैतूल जिले के कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी को लेकर नहीं लिखा गया है और इस घटना से मुख्यमंत्री सचिवालय में हंडकंप मच गया है...।* ***खबरची***

## 4 साल बाद अगस्त में शुरू होंगी नर्सिंग परीक्षाएं, एक लाख से अधिक छात्र होंगे शामिल

## सरकार छात्रों के भविष्य के प्रति संवेदनशील : राजेन्द्र शुक्ला

**बड़ी खबर**
**पृथ्विजय कुमार दास**
**मो. 9971085589**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग घोटाले के बाद परीक्षाओं पर लगा ब्रेक हट गया है। दरअसल घोटाला उजागर होने के बाद हाईकोर्ट ने नर्सिंग की परीक्षाओं पर रोक लगा दी थी, जिससे अब छूट मिल गई है। सरकार छात्रों के भविष्य के प्रति संवेदनशील है। बुधवार को नर्सिंग छात्रों का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की परीक्षा का आयोजन 8 अगस्त से 27 अगस्त तक होगा। इसके लिए 2300 रुपये शुल्क जमा करना होगा। इसी प्रकार एमएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा 13 अगस्त से 27 अगस्त तक होगी। इसके लिए विद्यार्थियों को 7100 रुपये शुल्क चुकाना होगा। जबकि पीबीबीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा 6 अगस्त से 2 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए 3550 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। ये सभी परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित होंगी। एमपी के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नर्सिंग की जल्द से जल्द परीक्षा कराकर रिजल्ट जारी करने का भी निर्देश दिया है। जिसको लेकर विभाग ने कैलेंडर भी तैयार कर लिया है। जिसके तहत बीएससी नर्सिंग, एमएससी, पीबीबीएससी और जीएनएम कोर्स की परीक्षाएं कराई जाएंगी। इन परीक्षाओं में करीब एक लाख से अधिक छात्र बैठेंगे। बता दें कि साल 2019-20 से 2022-23 के बीच नर्सिंग की परीक्षाएं आयोजित नहीं हुई, जिसके चलते नर्सिंग के करीब एक लाख छात्र परेशान हो रहे थे। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद अब बीएससी नर्सिंग, एमएससी, पीबीबीएससी और जीएनएम के छात्रों की रुकी हुई परीक्षाएं होंगी। परीक्षाएं नहीं होने से बीएससी नर्सिंग, एमएससी, पीबीबीएससी वर्ष 2019-20 के लगभग 20 हजार छात्र, वर्ष 2020-21 के 30 हजार, वर्ष 2021-22 के 10 हजार और वर्ष 2022-23 के 10 हजार छात्र प्रभावित हो रहे थे। इसके साथ ही जीएनएम, एएनएम कोर्स के वर्ष 2020-21 और 2021-22 के 25 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं की मुख्य परीक्षाएं इसी वर्ष अक्टूबर तक पूरी हो जाएंगी।

## परिवहन चेक पोस्टों पर अवैध वसूली बंद करने का अभियान हुआ सफल

## परिवहन विभाग ने भी माना चेक पोस्टों पर होती है अवैध वसूली

## मोहन कैबिनेट ने प्रायवेट व्यक्तियों के बैठने पर लगाई रोक



**विशेष संपादकीय**
**अनीता चौबे**
**मो. 9893288371**

*मध्यप्रदेश में सनातन काल से परिवहन चेक पोस्टों पर ट्रक ड्रायवरों से अवैध वसूली ने पिछले 18 वर्षों में ट्रक ड्रायवरों से अवैध वसूली का कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की तरह कायम कर दिया था। पिछले 10 सालों में तो आलम यह था कि, 300 करोड़ रुपए प्रतिमाह से लेकर 600 करोड़ रुपए की प्रतिमाह अवैध वसूली ट्रक ड्रायवरों को बाहरी व्यक्तियों द्वारा परिवहन चेक पोस्टों को ठेके में संचालित करने के लिए बेधड़क दिया जाता रहा है। परिणामस्वरूप पूरे देश में केवल मप्र ऐसा राज्य साबित हुआ है जहां पर परिवहन चेक पोस्टों पर आने-जाने वाले अंतरराज्यीय ट्रकों से ड्रायवरों को पीट-पीटकर अवैध वसूली की कई घटनाएं सामने आई हैं। दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर, पत्रिका और राष्ट्रीय हिन्दी मेल ने गरीब ट्रक ड्रायवरों के समर्थन में सैकड़ों बार ट्रक ड्रायवरों से अवैध वसूली रोकने के लिए अभियान चलाया और प्रमुखता से शिवराज सरकार से लेकर मोहन सरकार तक बार-बार आगाह किया कि, जब केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे देश में परिवहन चेक पोस्टों पर चैंकिंग समाप्त कर दिया है तो फिर मप्र में परिवहन चेक पोस्ट समाप्त क्यों नहीं किए। नितिन गडकरी की बात शिवराज सरकार ने बिल्कुल नहीं मानी लेकिन मोहन सरकार ने गरीब ट्रक ड्रायवरों के दर्द को समझा, सरकार की बदनामी के डर को समझा, और आज यह लिखने में संकोच नहीं है कि, ट्रक ड्रायवरों से अवैध वसूली रोकने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान में साहस बिल्कुल नहीं था जबकि, मोहन सरकार ने कैबिनेट में इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया है कि अब आज से मप्र के 45 परिवहन चेक पोस्टों पर बाहरी कोई व्यक्ति नहीं बैठेगा वहां सिर्फ विभागीय अधिकारी ही होंगे। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त उमेश जोगा द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार परिवहन जांच चौकियों पर किसी भी तरह के प्रायवेट व्यक्तियों को वाहनों की जांच के समय मौजूद न रहने दिया जाए, ऐसे आदेश पूर्व में जारी किए गए थे। इसके उपरांत भी कुछ जांच चौकियों पर प्रायवेट व्यक्तियों द्वारा उपस्थित रहने और कार्य करने की शिकायतें विभिन्न मोटर ट्रांसपोर्ट ऐसोसिएशन एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे थे। इस कटु सत्य को मानते हुए परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एसएन मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस बात के लिए सहमत किया कि, ट्रक ड्रायवरों से परिवहन चेक पोस्टों पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली से सरकार की भयंकर बदनामी हो रही है। मुख्यमंत्री ने एसएन मिश्रा की बात मानी और अंतत: परिवहन आयुक्त और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त सब की उपस्थिति में उन्हें कैबिनेट का निर्णय सुना दिया गया कि परिवहन चेक पोस्टों पर कोई भी बाहरी व्यक्ति नहीं बैठना चाहिए। इसी निर्णय के अंतर्गत अंतत: निर्देश दिया गया है कि परिवहन चेक पोस्टों पर प्रायवेट अनाधिकृत व्यक्तियों की मौजूदगी का कठोरता से निषेध किया जाएऔर उक्त आशय के आदेश अतिरिक्त परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के द्वारा जारी कर दिया गया है। इस विशेष संपादकीय का लब्बोलुआब यह है कि, उपरोक्त तीनों दैनिक समाचार पत्रों का गरीब ट्रक ड्रायवरों से अवैध वसूली परिवहन चेक पोस्टों पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा प्रतिबंध लगने से देश भर के ट्रांसपोर्ट ऐसोसिएशन के हजारों ट्रक ड्रायवरों द्वारा खुशी जाहिर की गई है वहीं दूसरी ओर परिवहन चेक पोस्टों पर बाहरी तत्वों के द्वारा पत्रकारों को मिलने वाली धमकियों से भी राहत का अहसास हो गया है और सबसे बड़ी बात यह है कि, परिवहन चेक पोस्टों पर ट्रक ड्रायवरों से अवैध वसूली के चक्कर में 8-8 घंटे, 10-10 घंटे ट्रकों के रुके रहने से ट्रकों की परिवहन संख्या में कमी आती थी अब उसमें असीमित वृद्धि हो जाएगी। और जब आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी तो मप्र के परिवहन चेक पोस्टों से आने वाले राजस्व में 3 हजार करोड़ से अधिक की वृद्धि हो जाए तो चौंकिएगा मत।*

# शासकीय जगह में लगे पेड़ को उखाड़ने की फिराक में था डीएस कंस्ट्रक्शन

**रहली।** जहां पूरे देश में पेड़ पौधे लगाने का अभियान चल रहा है वही दूसरी रहली में समृद्ध पेड़ को लगभग पूरा काटकर स्थानांतरित करने की ओपचारिक की जा रही है। डीएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा प्राइवेट जगह के साथ साथ शासकीय जगह में लगे शीशम के पेड़ को कटने की तैयारी की जा रही थी उनके द्वारा शीशम के पेड़ को ऊपर से पूरी तरह काट दिया गया था और पेड़ के बाजू में लगभग 8 फिट गड्ढा करके उसे उखाड़ के दुसरे जगह लगाने की ओपचारिक की जा रही थी जिसके बाद जब एसडीएम गोविंद दुबे शासकीय जगह में पेड़ काटने की जानकारी दी गई तो उनके द्वार तुरंत



पटवारी को भेज कर जांच करने के निर्देश दिए। उसके पूर्व जी यह सूचना लगते ही पटवारी के आने के पहले ही डीएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा गड्डे को भर दिया। रहली की पुरानी तहसील जिसको सरकार ने नीलामी कर दिया था साथ ही उसके बाजू से लगी प्राइवेट जगह दोनो को डीएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा खरीद लिया था ।

अब पुरानी तहसील की जमीन के साथ साथ प्रायवेट जगह पर लगे वर्षो पुराने पेड़ को स्थानांतरित करने की अनुमति नगरपालिका के द्वारा डीएस कंस्ट्रक्शन को दे दी थी जिसके बाद डीएस कंस्ट्रक्शन ने अपने जगह पर लगे पेड़ो के साथ रोड साइड की लगे पेड़ो को काट दिया ।प्रशासन के किसी व्यक्ति के द्वारा नही देखा गया की जो पेड़ काटे जा रहे है वह डीएस कंस्ट्रक्शन के जमीन के कटे जा रहे है या सरकारी जमीन के साइड में लगे पेड़ो को स्थानांतरित किया जा रहा है।

# ओलंपियो चेस अकादमी इंटर स्कूल टूर्नामेंट का शुभारंभ



सागर। स्मार्ट सिटी स्टेडियम में आज 26 जून को चेस का इंटर स्कूल टूर्नामेंट का शुभारंभ डॉ.अनिल तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता ने फीता काटकर शुभारंभ अतिथियों पार्षद शैलेश केशरवानी महापौर प्रतिनिधि सूर्यांश तिवारी के साथ किया एवं प्रतियोगी बच्चों की टीमों का परिचय एवं चेस की चालो का अवलोकन किया।

## रक्तदान शिविर में जरूरतमंद महिलाओं को दिया रक्त



खुरई। युवा भाजपा नेता अबिराज सिंह की उपस्थिति में खुरई के सिविल अस्पताल में विशाल रक्ताधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस 20 मई 2024 पर आयोजित वृहद रक्तदान शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त खुरई के सिविल अस्पताल में लगभग 22 जरूरतमंद महिलाओं को दिया गया जो रक्त की कमी से जूझ रही है। रक्ताधान शिविर में डॉ. शेखर श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र खरे, डॉ. नितेश दुबे, दीपिका जानसन मैट्रान, विद्या शर्मा नर्स अधिकारी, वंदना नर्सिंग आफिसर, सीएचओ, और आशा बंटी जैन मंडल,पुष्पेंद्र रहरोन, राम शास्त्री, गणेश पटेल पार्षद ने अपनी सेवाएं दी।

# कोहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रुप में चयनित युवती 10 माह से भटक रही नियुक्ति के लिये

## दूसरी परीक्षार्थी पर झूठी शिकायतों का लगाया आरोप, जांच के नाम पर किया जा रहा परेशान

**खुरई।** लगभग 10 माह पहले कोहा निवासी जयश्री पिता गिरधारी अहिरवार का चयन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रुप में हो चुका है। लेकिन दूसरे नंबर पर आई एक और परीक्षार्थी ने उसे कोहा का मूल निवासी न होने का आरोप लगाकर नियुक्ति पर आपत्ति लगाई। जिसको लेकर जय श्री अपनी नियुक्ति को लेकर पिछले 10 माह से भटक रही है।

### क्या है पूरा मामला-

जानकारी देते हुये चयनित युवती जयश्री ने बताया कि वह कोहा निवासी है। उसका चयन जुलाई 23 में कोहा गांव की आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता के रुप में हो चुका है। लेकिन कोहा निवासी एक और महिला जो दूसरे नंबर पर आई है उसने झूठी शिकायतें की है जिसके चलते जांच के नाम पर उसकी नियुक्ति नहीं हो पा रही है। जबकि जांच के दौरान उसने सभी दस्तावेज अधिकारियों को सौंप दिये फ़िर भी जांच के नाम पर परेशान किया जा रहा है।

### क्या लगाया आरोप

जयश्री ने बताया कि दूसरे नंबर वाली परीक्षार्थी ने यह आपत्ति लगाई है कि वह कोहा की नहीं है। इसको लेकर जांच चल रही है। उसने कलेक्टर से लेकर सभी अधिकारियों को अपने कोहा की मूल निवासी होने का प्रमाण दिया इसके संबंध में



लगभग दो दर्जन दस्तावेज भी बताये लेकिन नियुक्ति के लिये भटकाया जा रहा है। पिछले 10 माह से अपनी नियुक्ति को लेकर भटक रही है।

### एक दर्जन सबूतों के बाद भी जांच अधर में

अपने आप को कोहा का निवासी बताने के लिये जयश्री ने निवास प्रमाण पत्र दिया बाद में कहा गया कि डिजिटल निवास चाहिये वह भी दिया,सरपंच ने पंचनामा बनाकर कोहा निवासी होने का प्रमाण दिया,आधार कार्ड,वोटर आईडी,समग्र आईडी में परिवार के साथ नाम,बेटी की लाड़ली लक्ष्मी का कार्ड,स्वयं का लाड़ली बहिना का कार्ड,बीपीएल कार्ड में परिवार के साथ नाम के साथ कर्मकार मंडल का कार्ड सहित अन्य और भी दस्तावेज प्रस्तुत किये इसके बाद भी उसे कोहा का निवासी मानने में विलंब कर प्रताड़ित किया जा रहा है।

### इनका कहना है

पहले जांच कर रहे आरआई मेडीकल अवकाश पर हैं इसलिये दूसरे पटवारी को जांच के लिये नियुक्त किया गया है जल्दी ही जांच पूरी कर ली जायेगी उसके बाद जो भी तथ्य आयेंगे वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जायेगा।


**यशवर्धन सिंह**
**तहसीलदार खुरई**

### जांच के नाम पर किया जा रहा परेशान

जयश्री ने बताया कि इतना समय बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नहीं हो पाई जबकि मांगे गये सभी दस्तावेज उसने अधिकारियों के सम्मुख प्रस्तुत कर दिये इसके बाद भी उसे नियुक्ति नहीं दी जा रही है। उसकी जांच जिला पंचायत से एसडीएम कार्यालय आई। जांच तहसीलदार को सौंपी गई जिन्होंने जांच के लिये आरआई को सौंपी। अभी तक आरआई जांच पूरी नहीं कर पाये। जयश्री ने बताया कि दर्जनों बार अधिकारियों को उसने अपने पूरे सबूत दिये कि वह कोहा गांव निवासी है लेकिन फ़िर भी जांच पूरी नहीं हो रही है। अब तो ऐसा लग रहा है कि जांच के नाम पर उसे बेवजह परेशान किया जा रहा है।

# पटवारी से मारपीट व शासकीय कार्य में बाधा के आरोपी गिरफ्तार गये जेल

## सोमवार से चली आ रही पटवारियों की हड़ताल भी समाप्त



**खुरई।** सीमांकन करने गये पटवारी विकल सचान के साथ मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों को उजनेट चौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार। दरअसल 17 जून को पटवारी विकल सचान अपने एक साथी पटवारी सुरेन्द्र पंथी के साथ जामुन खेड़ी गांव में भरत दांगी,गब्बर और रामसेवक बे वजह विवाद करते हुये गाली गलौच और झूमाझटकी करने लगे और गला भी दबा दिया। साथ ही बस्ते में से दस्तावेज निकाल कर फ़ाड़ दिये।

इसकी रिपोर्ट पटवारी ने उजनेट चौकी में लिखाई थी। लेकिन कार्यवाई नहीं होने को लेकर पटवारी हड़ताल पर बैठ गये थे। दो दिन की हड़ताल के बाद पुलिस पर दबाब बना और तीनों आरोपियों को जामुन खेड़ी से ही गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी देते हुये उजनेट चौकी प्रभारी मनोज वास्कले ने ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

पटवारियों की ओर से न्यायालय में जमानत देने को लेकर आपत्ति लगाई गई जिससे न्यायालय ने आरोपियों को जमानत नहीं दी उन्हें जेल भेज दिया गया। इसके बाद पटवारियों की हड़ताल समाप्त होने की घोषणा कर दी गई।

## पूर्व पार्षद भागीरथ के बेटे का निधन अहिरवार समाज ने दी श्रद्धांजलि



**सागर।** मकरोनिया नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 17 के पूर्व पार्षद श्री भागीरथ सब्जी वालों के ज्येष्ठ पुत्र श्री मानसींग? अहिरवार के निधन उपरांत तीसरे दिन अहिरवार समाज के सभी सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में एक शोक सभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम पार्षद के निवास पर आयोजित किया गया जहां सभी अहिरवार समाज के वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी लोगों को आमंत्रित किया था इस शोकसभा के माध्यम से हमने अहिरवार समाज में व्याप्त कुरीति मृत्युभोज को समाप्त करने का निर्णय सभी लोगों की सहमति से संकल्प लेकर लिया।

## जिला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान 30 को आयोजित

**सागर।** जैन मिलन मकरोनिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान 30 जून दिन रविवार समय प्रात: ९:00 बजे से आदर्शगार्डन मोती नगर चौराहा सागर मेआयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि श्री शैलेंद्र जैन विधायक सागर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अतिवीर विजय जैन गुना राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जैन मिलन होंगे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय प्रदीप लारिया जी विधायक नरयावली, श्रीमती अर्चना जैन सदस्य नीति आयोग गृह मंत्रालय भारत सरकार ,डॉक्टर अनिल तिवारी कुलपति विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर ,डॉक्टर सुनील जैन चेयरमेन एडिना कॉलेज ,आलोक जैन डायरेक्टर बंसल क्लासेस सागर ,वीर दिनेश जैन कर्रापुर लकी बेयर हाउस ग्रुप सागर मुख्य है इसके अलावा क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ।सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने इस संबंध में बताया कि अंतिम तिथि तक 215छात्र-छात्राओं के आवेदन प्राप्त हुई है।

## विधायक शैलेंद्र जैन ने बालक कॉम्प्लेक्स वासियों को सामुदायिक भवन की दी सौगात



**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन ने तिली वार्ड स्थित बालक कॉम्प्लेक्स के निवासियों की मांग पर बालक कॉम्प्लेक्स पहुंचकर वहां पर विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की, इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने विधायक जैन को सम्मानित किया और उनसे कॉलोनी में स्थित पार्क परिसर में एक सामुदायिक भवन के निर्माण सहित पार्क के मेंटेनेंस एवं बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग की जिस पर विधायक जैन ने स्वीकृति देते हुए कहा कि सामुदायिक भवन का निर्माण विधायक निधि से कर दिया जाएगा परंतु अन्य कार्यों के लिए अगर आप जन भागीदारी से कार्य करेंगे तो इसे एक अच्छा संदेश जाएगा और मैं भी उसमें आपका सहयोग करूंगा उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में हमें शासकीय संसाधनों के साथ-साथ जन भागीदारी को भी आगे बढ़ना होगा और जनमानस की सहभागिता से ही कार्य करने होंगे उससे उस कार्य में हमारा जुड़ाव भी होगा और हम उसका रखरखाव भी करेंगे। इस अवसर पर पार्षद मनोज चौरसिया, पूर्व पार्षद सुबोध पाराशर, शैलेंद्र श्रीवास्तव, मोहन खरे पटवारी, विजय चौरसिया, डा अरुण सराफ,बाबू यादव, डा विजय सोधिया सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# नाले के लिये 15 फिट खुदाई कर अधूरा कार्य छोड़ा

## नाले से लगा मकान गिरने की आशंका

**खुरई।** निर्माण कार्य यदि समय रहते कर लिया जाये तो ठीक नहीं तो कभी भी जी का जंजाल बन सकता है। ऐसा ही एक मामला संत रविदास वार्ड घोरट रोड अमर फैक्ट्री के सामने देखने में आया है। जानकारी देते हुये पीड़ित प्रमोद उर्फपप्पू पटेल ने बताया कि उनके घर के सामने से एक बड़ा नाला बनाया जा रहा है जो पुराने जनपद से वायपास की ओर जा रहा है। नाले का निर्माण चालू है लेकिन बहुत दिनों से उसका कार्य अधूरा पड़ा है। उनके घर के सामने नाले की खुदाई लगभग 15 फ़िट तक की गई है। जो उनके मकान की नीव तक खुदाई की गई है।

यदि दो तीन दिन में कार्य पूरा नहीं किया गया और बरसात होती है तो उनके मकान की नीव के नीचे की मिट्टी पानी के तेज बहाव से बह जायेगी जिससे उनका मकान गिरने की आशंका है। ठेकेदार से बात की है आष्वासन



दिया की कार्य जल्दी कराया जायेगा। लेकिन हर दिन बात टल रही है।

अभी थोड़ी बरसात ह हुई थी तो पानी भर गया था। ठेकेदार ने वह पानी खाली करा दिया। लेकिन लगातार बरसात होने लगेगी तो मकान को भारी नुक्सान होगा। इसी आशंका को लेकर पूरा परिवार परेशान है। यदि कोई नुक्सान होता है तो जिम्मेदार नगर पालिका प्रशासन होगा। इस संबंध में पीड़ित प्रमोद पटेल ने नगर पालिका में शिकायत की है।

## सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 33वी बोर्ड बैठक सम्पन्न

**सागर।** सागर स्मार्ट सिटी कार्यालय सभाकक्ष में बुधवार को बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की 33वी बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सह अध्यक्ष सागर स्मार्ट सिटी दीपक आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अन्य डायरेक्टर्स सूर्य नारायण झा, नबरून भट्टाचार्य, विनोद कुमार तिवारी, डी कुमार वीडियो कांफ्रेंस माध्यम से उपस्थित रहे। स्मार्ट सिटी सभाकक्ष में कलेक्टर सह अध्यक्ष दीपक आर्य, निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री, सीएफओ श्रीमती हेमलता पटेल, श्रीमती आकांक्षा जुनेजा आदि की उपस्थिति में कंपनी सचिव रजत गुप्ता ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया एवं बैठक का संचालन किया।

# बाल श्रम अधिनियम क़ी विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किये गए

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य महोदय के निर्देश अनुसार बाल श्रम अधिनियम 1986 के अंतर्गत कार्यवाही क़ी गई, मकरोनिया स्तिथ संस्थान, न्यू विकास गारमेंट्स, साईनाथ मोबाइल सेंटर मकरोनिया चौराहा, केशरी स्वीट्स मकरोनिया , भोपाल चिकिन शॉप,सहित विभिन्न संस्थानों का निरिक्षण किया गया, जिसमे किशोर श्रमिक कार्य करते पाए गय, बाल श्रम अधिनियम क़ी विभिन्न धाराओं मे प्रकरण पंजीबद्ध किये गय। निरिक्षण के दौरान श्रम विभाग से समस्त



श्रम निरिक्षक, विशेष किशोर इकाई से श्रीमती ज्योति तिवारी,युवा विकास मण्डल से अशोक सूर्या, कृषक सहयोग से अनिल रैकवार आदि उपस्थित रहें।

# एसडीएम ,तहसीलदार एवं सीएमओ ने नदी किनारे एवं जल भराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

**सागर।** वर्षा ऋतु में जल भराव एवं नदी किनारे रह रहे लोगों को जान जान माल का नुकसान न हो इसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुनव्वर खान, तहसीलदार श्रीमती प्रीति रानी चौरसिया, सीएमओ केबी बघेल ,उपयंत्री श्रीमती मोहिनी साहू, पटवारी उमा शंकर दीक्षित, कृष्ण कुमार पांडे सहित टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार श्रीमती प्रीति रानी चौरसिया ने झुनकु नदी के आसपास अवैध रूप



से बनाए गए टीन सेड एवं कच्चे निर्माण को दो दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुनव्वर खान ने कहा कि वर्षा प्रारंभ होने वाली है वर्षा होने के कारण जल भराव की स्थिति बनेगी इसलिए स्वेच्छा से दो दिन के भीतर अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा हटाने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जाएगी।

## धर्म प्रभावना के लिए सम्मानित हुए दीपक राज जैन



*सागर। सर्वोदय अहिंसा की पवित्र भावना को लेकर जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ जिनधर्म प्रभावना के मध्यम से विगत चार दशकों से भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में छिंदवाड़ा का गौरव बढ़ाने वाले वरिष्ठ समाज सेवी सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन को उनके अनुकरणीय कार्य हेतु सागर में आयोजित कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट के 50 वें स्वर्ण जयंती महोत्सव पर महाकवि पद्माकर सभा गृह में सागर स्वाध्याय मंडल एवं तारण तरण चैत्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की केंद्रीय मंत्री पाटिल से भेंट



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल तथा राज्यमंत्री वी. सोमन्ना और राज भूषण चौधरी से उनके नई दिल्ली स्थित कार्यालय श्रम शक्ति भवन में सौजन्य भेंट कर प्रदेश से संबंधित सिंचाई परियोजनाओं और जल संरक्षण कार्यक्रमों पर सकारात्मक चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ-2028 के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का अनुरोध भी किया। प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री संजय शुक्ला सहित केंद्रीय मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले पेट्रोलियम बोर्ड के अध्यक्ष

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज निवास पर पेट्रोलियम एण्ड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को डॉ जैन ने बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।*

इंडस्ट्री-एकेडमिक मीट का आयोजन कर....

## उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप हो पाठ्यक्रम का निर्माण: परमार

**नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर को बनाया जाए 'वाइब्रेंट स्टूडेंट सेंट्रिक सेंटर'** | **तकनीकी शिक्षा मंत्री ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया** | **परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में बरगद के पौधे का रोपण किया**

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में इंडस्ट्री-एकेडमिक मीट का आयोजन कर उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण करने के साथ अन्य आवश्यक ठोस क्रियान्वयन किए जाएं। विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक प्रयासों एवं नवाचारों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित की जाएं। परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित



विद्यार्थियों से संवाद भी किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन को स्टार्टअप के लिए इकोसिस्टम बनाने और विद्यार्थियों के नए नवाचारों को उद्योग जगत तक पहुंचाने के लिए श्रेष्ठ कंपनियों को इनक्यूबेशन सेंटर से जोड़ने की दिशा में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नॉलेज रिसोर्स एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर को विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे प्रदेश के अधिकतम विद्यार्थियों के उपयोगी बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर 'वाइब्रेंट स्टूडेंट सेंट्रिक सेंटर' के रूप में स्थापित किया जाए। विद्यार्थियों को डिजी लॉकर की सुविधा प्रदान करने और उन्हें ई-डॉक्यूमेंट्स उपलब्ध कराने को भी कहा। मंत्री परमार ने विश्वविद्यालय परिसर में बरगद के पौधे का रोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए परिसर में विद्यावन एवं नवग्रह वाटिका लगाए जाने को भी कहा। विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलगुरू डॉ रूपम गुप्ता, कुलसचिव डॉ. मोहन सेन एवं यूआईटी के निदेशक डॉ. सुधीर भदौरिया सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**» नेनो ब्रीफ**

### थाना अयोध्यानगर पुलिस ने अवैध शराब तस्कर पति-पत्नी को किया गिरफ्तार

**सादिया खान मो. 9617176648**

**भोपाल।** मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ओंमकारा सेवनिया कि



तरफ से एक सफेद कलर कि एक्टिवा क्रमांक MP04 UN3532 अरेहड़ी की तरफ आ रही है, जिसे एक व्यक्ति चला रहा है, जिसने काले कलर कि टी-शर्ट एवं नीले कलर का लोवर पहने है तथा पीछे बैठी महिला लाल कलर का सूट पहने है, जो अपनी एक्टिवा मे सामने पैर के पास एक सफेद रंग का बड़ा झोला रखे है तथा पीछे बैठी महिला भी बीच मे एक नीले रंग बड़ा छोला लिये है। उक्त दोनों झोलों मे अवैध शराब रखे है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया, टीम द्वारा शुक्ला पाईप फैक्ट्री के पास ग्राम अरहेड़ी में उक्त एक्टिवा को घेराबंदी कर पकड़ा गया, एक्टिवा चलाने वाले ने अपना दीपक पंथी पिता मोतीलाल पंथी उम्र 39 साल स्थाई पता-शिव नगर कालोनी चुंगी नाका के पास थाना देहात विदिशा हाल पता- झुग्गी न.30 मीरा मन्दिर ईश्वर नगर अरेरा कालोनी हबीबगंज भोपाल तथा एक्टिवा में पीछे बैठी महिला ने अपना नाम पूजा पंथी पति दीपक पंथी उम्र 31 वर्ष निवासी-सदर जो दोनो पति पत्नि होना बताये। जिनके कब्जे से एक्टिवा मे रखे दोनो झोलो कि तलाशी लेने पर 308 क्वाटर गोवा कम्पनी के कुल 55 लीटर 440 मिली लीटर अवैध शराब तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त चोरी कि एक्टिवा क्रमांक क्रमांक MP04 UN 3532 जप्त की गई। आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक- 281/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी दीपक पंथी मूलतः विदिशा का निवासी है, जो अवैध शराब तश्करी करने का आदतन अपराधी है। जिसने पूछताछ पर बताया कि शराब की तस्करी के लिये दिनांक 17/06/24 को डी मार्ट के पास मिसरोद से इस एक्टिवा को चोरी किया था और उसका नम्बर प्लेट बदल दिया था, तथा पुलिस या किसी को संदेह न हो इसलिये तस्करी करने के लिये अपनी पत्नि पूजा पंथी को साथ लेकर चलता था। क्योंकि उसको लगता था कि साथ में महिला होने से पुलिस उसको रोकेगी नही।

## मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करें: नरेन्द्र शिवाजी



**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की। राज्य मंत्री पटेल ने ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अवैध रूप से विक्रय होने वाली ड्रग तथा मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरूद्ध वृहद स्तर पर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। राज्य मंत्री ने कॉस्मेटिक सामग्रियों में होने वाली मिलावट और भ्रामक विज्ञापन करने वाली कंपनियों पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। उन्होंने खुले तेल एवं मसालों की गुणवत्ता की भी जांच करने के निर्देश दिये। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मयंक अग्रवाल, संयुक्त नियंत्रक श्रीमती माया अवस्थी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष बिरला को बधाई दी



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने वरिष्ठ सांसद ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि अध्यक्ष बिरला वरिष्ठ राजनीतिज्ञ एवं सांसद है। उनके दीर्घकालीन संसदीय अनुभव का लाभ संसद में लोकसभा सदस्यों को मिलेगा।

## भ्रष्ट जोनल अधिकारियों ने धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ा

### नगर निगम के जोनल अधिकारियों की मिली भगत से मंदिर परिसर में लगे अवैध होर्डिंग




*भोपाल। 'शहर सरकार' के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। आरटीआई के तहत प्राप्त जानकारी से इसकी परतें उघाड़ गई। बता दें कि मध्य प्रदेश के आउटडोर मीडिया नियम 2017 का उल्लंघन कर ज़ोनल अधिकारी द्वारा होर्डिंग लगाने की अनुमति जारी कर होर्डिंग लगाए गए। जब इसके संबंध में सूचना का अधिकार 2005 अधिनियम के तहत जानकारी चाही गई तो संबंधित जोनल अधिकारी द्वारा होर्डिंग संचालक से सांठ-गांठ कर के झूठी एवं भ्रामिक जानकारी दी गई। जो कि आरटीआई एक्ट का खुले रूप से उल्लंघन है। चूंकी धार्मिक स्थल सार्वजनिक/शासकीय संपत्ति है ओर इसको निजी संपत्ति बताकर मंदिर का पुजारी/व्यस्थापक किस अधिकार के तहत अनापत्ति अनुमति पत्र होर्डिंग लगाने हेतु जारी कर सकता है।*

**सादिया खान**
मो. 9617176648

**क्या यह जांच का विषय नहीं है?**

*अवगत हो कि शासकीय सम्पत्ति पर होर्डिंग लगाने हेतु केवल निविदा आमंत्रित की जाती है, परन्तु ज़ोनल अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए ये अनुमति शासकीय संपत्ति पर जारी की।*

**अवैध होर्डिंग का विवरण इस प्रकार हैं -**

1. OMD 27ए 0B 61C जोन-16 वार्ड-65 के जेके रोड स्थित मंदिर में 200वर्ग फुट होर्डिन लगा है।
2. OMD 34978F1 जोन-17 वार्ड-75 करोंद चौराहा के मंदिर की छत पर 400वर्ग फुट।
3. OMD 69A6CA86 ITI तिराहे स्थित 400 वर्ग फुट।

## बाल देखरेख संस्थाओं को नियमित रूप से मिलेगा अनुदान: निर्मला

**महिला-बाल विकास मंत्री भूरिया ने दिये निर्देश**

**भोपाल।** महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शीघ्र अनुदान राशि प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग द्वारा ऐसी संस्थाएँ, जिन्हें दो या तीन सालों से अधिक समय से मान्यता दी गयी है और वे बिना किसी अनुदान के संस्था का संचालन कर रहे हैं, ऐसी सभी



संस्थाओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में पीएबी की बैठक में अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि बाल देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे अत्यंत संवेदनशील हैं। ऐसे में इन बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं को लंबे समय से अनुदान न मिलने से इन्हें दी जाने वाली सेवाएँ निश्चित तौर पर प्रभावित हुई हैं। अतः यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में इन संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान मिल सके। इसके लिये आवश्यक कार्य-प्रणाली विकसित की जाये। उन्होंने संस्थाओं को भी निर्देशित किया है कि निवासरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले, यह सुनिश्चित किया जाये।

मप्र भोज मुक्त विवि में संस्थानिक नवाचार

## एक उद्यमी का जीवन कठिन होता है: अलका



**भोपाल।** मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा नवाचार और स्टार्टअप को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय थे "My Story-Motivational session by Successful Innovators" कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में अलका शर्मा, संस्थापक, खद्योत नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, महासचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी द्वारा की गई एवं कार्यक्रम संयोजक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के संस्थानिक नवाचार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को सरकार के संस्थानिक नवाचार परिषद का परिचय देते हुए उनके उद्देश्य और कार्यप्रणाली से परिचित कराया। मुख्य वक्ता अलका शर्मा ने कहा कि, उनकी कंपनी जैविक और प्राकृतिक खेती का कार्य करती है। उन्होंने महिलाओं के उद्योगपति बनने के सफर में आने वाली कठिनाइयों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि, हमने जैविक खेती सीखने के लिए भारत के कई गांव का दौरा किया और इस हेतु हम अफ्रीका, अमेरिका तथा ऑस्ट्रेलिया में जाकर वहां रह कर जैविक खेती सीखी। इस कंपनी की स्थापना में हमने 15 लाख रुपए का निवेश किया, जो आज वर्तमान में 100 करोड़ से ऊपर की कंपनी बन गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि, एक उद्यमी का जीवन कठिन होता है। किसी भी व्यापार में सफल होने के लिए आपके पास अच्छी नेटवर्किंग चाहिए होती है। हमें अपने समय की कीमत को समझना चाहिए और हमें शासन के सहयोग पर ज्यादा निर्भर न रहकर अपने खुद से उद्यम स्टार्ट करने चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमें अपने कौशल को ऐसे क्षेत्रों में निवेश करना चाहिए, जहां उसका प्रतिफल मिल सके। अलका का कहना है, डिजिटल मार्केटिंग और परफॉर्मेंस मैनेजमेंट आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जिनको सीखना हर उद्यमी के लिए बहुत आवश्यक है। उद्यमी के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है, अच्छे मानव संसाधन का मिलना और उससे भी बड़ी चुनौती यह है कि, उस मानव संसाधन को हम अपने साथ जोड़ कर रख सकें और बरकरार रख सके। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि, उद्यमी को हमेशा धैर्य बनाए रखना चाहिए। अपने वक्तव्य के अंत में अलका शर्मा ने विद्यार्थियों के जिज्ञासाओं को भी शांत किया और उनके प्रश्नों के उचित उत्तर दिए।

South Asian Karate Championship 2024 Bhutan में खेल अकादमी के....

## मप्र के 3 कराते खिलाड़ी और 1 प्रशिक्षक करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व



**भोपाल।** 15 से 20 जुलाई 2024 तक South Asian Karate Championship 2024 का आयोजन थिम्पू (भूटान) में किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में खेल अकादमी की कराते खेल के 03 खिलाड़ी और 01 प्रशिक्षक भारतीय टीम में चयनित हुये है। भूटान में आयोजित इस प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य मार्शल

### खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी शुभकामनाएं



आर्ट कराते अकादमी के खिलाड़ी कु. धड़कन शाह कुमीते (-53 किग्रा), राजवीर सिंह कुमीते (-55 किग्रा), अनुज गोस्वामी कुमीते (-55 किग्रा) भारवर्ग और प्रशिक्षक दीपक सिंह नरवरिया भारतीय कराते टीम में चयनित किये गये है। उल्लेखनीय है कि 8 से 12 मई 2024 तक देहरादून में आयोजित कैडेट जूनियर एवं अन्डर-21 सीनियर नेशनल कराते चैम्पियनशिप 2024 में मध्यप्रदेश ओवर ऑल राष्ट्रीय चैम्पियन बना। इसी प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ी कु. धड़कन शाह, राजवीर सिंह और अनुज गोस्वामी द्वारा स्वर्ण पदक अर्जित करने पर तीनों खिलाड़ियों को साउथ एशियन, कराते चैम्पियनशिप 2024 भूटान के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संचालक खेल और युवा कल्याण के प्रयास से राज्य कराते अकादमी कोविड के उपरांत पुनः प्रारंभ हुई थी। हाल ही में कराते में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय चैम्पियन भी बना। संचालक खेल रविकुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु तीनों खिलाड़ी 10 जुलाई को भोपाल से थिम्पू (भूटान) के लिए प्रस्थान करेंगें। खेल मंत्री मान. विश्वास कैलाश सारंग ने प्रतियोगिता के लिए चयनित तीनों खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। सभी तीनों खिलाड़ी अकादमी के प्रशिक्षक, हर्षित विश्वकर्मा और श्री दीपक सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

## राज्य महिला एवं बालिका सशक्तिकरण नीति होगी तैयार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के लिये नीति तैयार करने के लिये भोपाल में महिला बाल विकास विभाग द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन 27 एवं 28 जून 2024 को किया जा रहा है। महिला बाल

**नीति निर्माण के लिये दो दिवसीय राज्य स्तरीय कंसल्टेशन वर्कशॉप गुरूवार से**

विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 27 जून को भोपाल के होटल पलाश रेसिडेंसी में प्रातः 10 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। कार्यशाला में लगभग 45 से ज्यादा विभागों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। कार्यशाला के पहले दिन गुरूवार को महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रमुख प्राथमिकता विषय पर आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सुफिया फारूकी वली अपने विचार व्यक्त करेंगी। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण-वैश्विक मुद्दों पर यूएनएफपीए के चीफ श्री जयदीप बिस्वास महिलाओं और बालिकाओं के नीति निर्देशों पर प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला, लिंग परिवर्तनकारी परिप्रेक्ष्य पर सुश्री शोभना बोचले, थीम बेस्ड ग्रुप वर्क एक्सरसाइज पर सुश्री मल्लिका बसु अपने विचार रखेंगी। कार्यशाला के पहले दिन गुरूवार को महिला एवं बालिकाओं के लिये सशक्तिकरण की योजनाएँ, लिंग आधारित भेदभाव, हेल्थ एण्ड न्यूट्रिशन, महिलाओं और बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा, कौशल विकास आदि विषयों पर ग्रुप-डिस्कशन भी होगें।

**निर्देश** | महापौर मालती राय ने किया निर्माणाधीन मुख्यालय भवन का निरीक्षण

## भवन में परिषद हॉल निर्माण पर भी विचार किया जाएगा: मालती



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में महापौर मालती राय ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का महापौर परिषद के सदस्यों के साथ निरीक्षण किया और नवीन मुख्यालय भवन में आम जनता के लिए भूतल पर एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने, निगम के सभी विभागों को एक ही स्थान पर संचालित करने की योजना तैयार करने तथा मुख्यालय भवन के सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि निर्माणाधीन मुख्यालय भवन में परिषद हॉल निर्माण पर भी विचार किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त निधि सिंह, महापौर परिषद के सदस्यगण मनोज राठौर, जगदीश यादव, सुषमा बाबीसा, अशोक वाणी, आर.के.सिंह बघेल, आनन्द अग्रवाल, जीतेन्द्र शुक्ला,



छाया ठाकुर, जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर मालती राय ने बुधवार को सेकण्ड स्टॉप तुलसी नगर के पास निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन के प्रत्येक तल पर स्थित विभागों व एम.आई.सी सदस्यों के कक्षों/चेम्बरों, ऑडिटोरियम हॉल, सर्विस ब्लॉक आदि का निरीक्षण किया और मुख्यालय भवन में पदाधिकारियों, अधिकारियों/कर्मचारियों के बैठने व आम नागरिकों/आगंतुकों हेतु की जाने वाली व्यवस्था तथा प्रचलित व शेष कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। महापौर राय ने निर्देशित किया कि निगम मुख्यालय भवन के सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। महापौर राय ने आम जनता के लिए भूतल पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और निगम के सभी विभाग एवं सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। महापौर राय ने कहा कि निगम के नवीन मुख्यालय भवन में परिषद हॉल के निर्माण के संबंध में भी विचार किया जाएगा। महापौर को इस दौरान अवगत कराया गया कि मुख्यालय भवन के अधिकांश कार्य पूर्णता की ओर है, कक्षों/चेम्बरों सहित अन्य स्थानों पर फर्नीचर आदि के कार्यों हेतु प्रक्रिया प्रचलन में है। नवीन मुख्यालय भवन में सिविल कार्य के साथ-साथ लिफ्ट, विद्युत सब स्टेशन सहित विद्युत संबंधी अन्य कार्य, आंतरिक जलापूर्ति व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था व बाह्य एवं आंतरिक साज-सज्जा के कार्य कराए जा रहे है।

## सुविचार

**सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते हैं, सपने वह हैं जो हमको नींद नहीं आने देते।**

## संपादकीय

## जनता के वादों को पूरा करने का समय...

**अनीता चौबे**

अठारहवीं लोकसभा की औपचारिक शुरुआत के साथ उम्मीद यही की जाएगी कि नए संसद सदस्यों ने चुनावों के दौरान जनता के सामने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने के लिए वे अपनी ओर से सब कुछ करेंगे। सोमवार को पहले सत्र में नए सांसदों के शपथ लेने और बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद गुरुवार को राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसके बाद तीन जुलाई तक चलने वाले इस सत्र में फिलहाल परीक्षा में नकल के रोग,धांधली और सुर्खियों में आए कई जरूरी मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव के आसार बन रहे हैं। जाहिर है, संसद में जनता से जुड़े मुद्दों पर बातचीत या बहस एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को ही आगे बढ़ाएगी, मगर साथ ही यह अपेक्षा होगी कि ऐसी बहसें किसी ऐसे बेमानी टकराव का रुख न अख्तियार करे, जिसमें मुख्य सवाल शोर में गुम हो जाएं और समस्याओं का कोई ठोस हल न निकले।

दरअसलए पिछली लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव जिस स्तर तक चलाए उसमें ऐसे अवसर कम आए, जिसमें जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हो और किसी मसले पर सामने आए हल में सबकी भागीदारी दिखे। ऐसी शिकायतें कई बार उभरीं जिसमें असहमति के स्वर तीखे होने के बाद विपक्ष ने सदन का बहिर्गमन किया और कई मुद्दों और विधेयकों पर पर्याप्त बहस नहीं हो सकी। इस बार संख्या बल की कसौटी पर विपक्ष बेहतर स्थिति में है और दोनों पक्षों का जिस तरह का ढांचा खड़ा हुआ है, उसमें स्वाभाविक ही पिछली लोकसभा के मुकाबले ज्यादा संतुलन दिखने की संभावना है। मगर जरूरी यह है कि किसी मुद्दे पर असहमति ऐसे टकराव में न तब्दील हो जिसमें उससे जड़े अलग-अलग पहलू पर चर्चा न हो सके। यह छिपा नहीं है कि किसी सदन में जिन मसलों पर सदस्यों के बीच व्यापक बहस की जरूरत होती है, वह कई बार इसलिए संभव नहीं हो पाती है कि हंगामे के नतीजे में सदन को बार-बार स्थगित किया जाता है। सवाल है कि जनता ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुन कर संसद में भेजा है, अगर वे वहां किसी भी वजह से जनहित के मुद्दों पर बात नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है। लोकतंत्र का बुनियादी मूल्य यही है कि विधायिका जनता का प्रतिनिधित्व करती है और वहां उसके व्यापक हित में ही काम होना चाहिए। यह तभी संभव है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष संसद में अपनी-अपनी जवाबदेही को गंभीरता से लें। महज असहमति की वजह से एक-दूसरे को खारिज करके देश के आम लोगों का भला नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर कोई समस्या खड़ी होती है, तो उसका हल निकालना सरकार की जिम्मेदारी है और विपक्ष का यह दायित्व है कि वह इस मसले पर अपना वाजिब लोकतांत्रिक हस्तक्षेप करे। इस क्रम में सदन अगर हंगामे का अखाड़ा बन जाता है तो इससे सिर्फ सदन के समय और उस पर होने वाले खर्च की बर्बादी ही होगी। हंगामे और इसकी वजह से सत्र स्थगित किए जाने से न जाने कितने कार्य दिवसों का नुकसान होता है और जनहित के कितने स्वर दब कर रह जाते हैं।

# मानव धर्म ही सर्वोत्तम, कर्म के कठोर परिश्रम से उसे सार्थक करने का प्रयत्न करें

**संजीव ठाकुर**

**मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है,इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है।**

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानव अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा सइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफ्लता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे स निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं । इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है। वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है।

जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहसए क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं।

मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोचए जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होतीए और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुन: साहस के साथ पुन:तैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है।

अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है । इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है।

जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशाए नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

# अब ब्यूटी-वेलनेस में पारंपरिक कौशल को नए जमाने की तकनीकों से लैस किया जाएगा

**विजय गर्ग**

इस क्षेत्र को रणनीतिक रूप से पोषित करके, भारत घरेलू और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार एक मजबूत कार्यबल बनाने के लिए अपने जनसांख्यिकीय लाभ का लाभ उठा सकता है। आइए हम जो कुछ भी करते हैं उसमें बहुत अधिक न बह जाएँ। हमारी रणनीतियों पर नियमित रूप से विचार करना और परिणामों का गहन मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष मूल्यांकन हमारे लिए चीजों को बहुत आसान बना देता है। कौशल विकास के क्षेत्र में, कार्रवाई करना, निरंतरता बनाए रखना और एक दिनचर्या का पालन करना महत्वपूर्ण है। जनसांख्यिकीय लाभ का लाभ उठाने के लिए केवल एक खेल होने के बजाय गंभीर योजना की आवश्यकता है। इसमें हमारी युवा आबादी को कौशल प्रदान करने के लिए क्षमता निर्माण, बुनियादी ढांचे का निर्माण और जनशक्ति को तैयार करना शामिल है, जिससे उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार पाने में सक्षम बनाया जा सके। भारत कौशल रिपोर्ट महिलाओं के लिए रोजगार क्षमता में 52.8: और पुरुषों के लिए 47.2: की वृद्धि दर्शाती है। रोजगार योग्यता के मामले में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल गई हैं, खासकर नर्सिंग, सौंदर्य और कल्याण और अन्य सॉफ्ट स्किल जैसे क्षेत्रों में, जिसने कोविड के बाद के युग में महिलाओं के बीच रोजगार योग्यता दर सबसे अधिक दिखाई है। सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पुरुषों के लिए भी घरेलू और वैश्विक बाजारों में व्यापक संभावनाएं रखता है। इस क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि के परिणामस्वरूप देश में अर्ध-कुशल और कुशल पेशेवरों की महत्वपूर्ण मांग बढ़ गई है। वर्तमान में, सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र लगभग 12.3 मिलियन लोगों को रोजगार देता है,जिनमें से 66: महिलाएं हैं और एक बड़ा हिस्सा न केवल निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, बल्कि सभ्य शिक्षित परिवारों से आने वाले बहुत से उम्मीदवार भी हैं। अनुमान है कि 2027 तक,भारतीय सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र लगभग 20.3 मिलियन लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। दिलचस्प बात यह है कि सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में लगभग 44: कार्यबल के पास तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित पहुंच के साथ माध्यमिक शिक्षा के बराबर या उससे कम शैक्षणिक योग्यता है। व्यावसायिक शिक्षा को अधिक से अधिक अपनाने के अवसर हैं, विशेष रूप से सैलून सेवाओं, सौंदर्य, फिटनेस, पोषण और योग जैसे क्षेत्रों में, जो व्यावसायिक शिक्षा की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शा रहे हैं। इसके अलावा, पोषण परामर्श, फिटनेस कोचिंग और न्यूट्रास्यूटिकल्स जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग के परिणाम स्वरूप नए और विविध कैरियर के अवसर सामने आए हैं, जिन्हें युवा व्यक्तियों द्वारा अपनाया जा सकता है, जिन्हें सौंदर्य और कल्याण में कौशल वृद्धि और व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता होती है। देश में सौंदर्य और कल्याण उद्योग संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के बाजारों की तुलना में दोगुनी गति से तेजी से विकास का अनुभव कर रहा है। उद्योग के संबंध में उपभोक्ता जागरूकता और आकांक्षाओं में वृद्धि के कारण सौंदर्य और कल्याण उत्पादों और सेवाओं पर खर्च में वृद्धि हुई है। इंडियन ब्यूटी एंड हाइजीन एसोसिएशन (आईबीएचए) के अनुसार, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल पर प्रति व्यक्ति खर्च 2017 में लगभग 450 रुपये प्रति वर्ष से बढ़कर 2022 में 684 रुपये और 2025 में 772 रुपये हो गया है। जबकि वैश्विक सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र 2018 और 2023 के बीच 17.60: की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा, भारतीय क्षेत्र ने इसी अवधि के दौरान 18.40: की उच्च वृद्धि दर का अनुभव किया, जो कि बढ़ते समृद्ध और मध्य-वर्ग के कारण था। वर्ग जनसंख्या और देश में संगठित खुदरा उपस्थिति में वृद्धि।

इस क्षेत्र के लगभग 2,77,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है 2025, 2018 में 92,000 करोड़ रुपये से 23: की वृद्धि दर्शाता है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना: भारत में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान स्तर बहुत कम हैए हर पाँच उद्यमियों में से मुश्किल से एक महिला है। सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र महिलाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के बेजोड़ अवसर प्रस्तुत करता है। इसलिएए विशेष रूप से डिजाइन की गई उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण पहल और वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए उद्यमिता और स्वरोजगार को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। महिला उद्यमियों का समर्थन करने के लिएए इस क्षेत्र में नवीन स्टार्ट-अप गतिविधियों को विकसित करने के लिए एनएसडीसी, उद्योगों और एंजेल निवेशकों के सहयोग से एक विशेष कोष बनाना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में होनहार महिलाओं की उद्यमशीलता की भावना को प्रज्वलित करने के लिए क्षेत्रीय ऊष्मायन केंद्रों की स्थापना महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहतए सौंदर्य और कल्याण उद्योग में युवा महिला उद्यमियों को अपने उद्यमों को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नए और बेहतर व्यवसाय प्रबंधन कौशल से लैस होना चाहिए। इस केंद्रित प्रयास से महिला उद्यमियों को ठोस व्यावसायिक विचार विकसित करने, एक बैंक योग्य और निवेश योग्य व्यवसाय योजना बनाने और एक मजबूत व्यवसाय विकास रणनीति तैयार करने में सक्षम होना चाहिए। पारंपरिक कौशल को नए जमाने की तकनीकों से लैस किया जाएगारू सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र डिजिटल व्यवधान का सामना कर रहा है क्योंकि प्रौद्योगिकी के नेतृत्व वाले स्टार्टअप और ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क की पहुंच अधिक प्रचलित हो गई है।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1839 रणजीत सिंह 'भारतीय इतिहास' में प्रसिद्ध सिक्खों के महाराजा की मृत्यु ।

1939 राहुल देव बर्मन - हिन्दी फिल्मों के संगीतकार का जन्मदिवस।

1955 पूर्णिमा वर्मन भारतीय पत्रकार का जन्मदिवस।

1922 अकिलन -तमिल भाषा के साहित्यकार का जन्मदिवस।

1964 पी. टी. उषा -भारतीय खिलाड़ी का जन्मदिवस ।

2002 जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत।

2003 संयुक्त राज्य अमेरिका में समलैंगिकता पर प्रतिबंध रद्द।

2004 अमेरिका और यूरोपीय संघ ने जी.पी.एस. गैलेलियो के विकास में सहयोग से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये।

2005 ब्रिटेन ने भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया।

2006 गुयेन मिन्ह ट्रयेट वियतनाम के राष्ट्रपति चुने गये।

2007 जेम्स गार्डन ब्राउन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पद संभाला। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने महारानी एलिजाबेथ को अपना त्याग पत्र सौंपा।

2008 भारत व पाकिस्तान ने ईरान से आने वाली गैस पाइप लाइन परियोजना को चालू करने के लिए आ रही रुकावटों को हल किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सहअध्यक्ष आसिफ़ अली जरदारी छरू दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में तुर्की रवाना हुए।

2008 भारतीय सेना के भूतपूर्व अध्यक्ष सैम मानेकशॉ की मृत्यु जिनके नेतृत्व में भारत ने सन 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय प्राप्त की थी।

2015 भारत के फिल्म इतिहास में अपना एक ख़ास मुकाम रखने वाले सत्यजीत रे अथवा सत्यजित राय की तस्वीर को संयुक्त राष्ट्र ने अपने मुख्यालय में प्रदर्शित करने का फैसला किया।

## राशिफल



**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। बिजनेस में अपनी योजनाओं पर आप अच्छा धन लगाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपने सहकर्मियों का पूरा सहयोग रहेगा। आप किसी काम को समय से पूरा करने में कामयाब रहेंगे।



**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई उपलब्धि मिलने की संभावना है। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को उनके काम से एक नई पहचान मिलेगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि लेकर आने वाला है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको परिवार में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफकरना होगा। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा।



**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप कार्य क्षेत्र में एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकेंगे। आप किसी की कहीं सुनी बातों में आकर कोई बड़ा निवेश न करें।



**सिंह राशि:** आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से आपके लिए शुभ है। आपको किसी अजनबी



पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके काम में अडंगे लगा सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।




**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए कुछ नये संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपको अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़नी है । बिजनेस में आपसे कोई चूक होने के कारण आपके बॉस आपके प्रमोशन पर रोक लगा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको निजात मिलेगी।



**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको व्यवसाय में अकस्मात लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। अपने किसी भी जरूरी काम को लेकर किसी भी अजनबी ओर भरोसा न करें।



**धनु राशि:** आज आप कोई भी काम जल्दबाजी में न करें। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर



संयम रखें। अपनी कोई गुप्त जानकारी किसी बाहरी व्यक्ति के सामने शेयर ना करे। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़े में पड़ सकते हैं।


**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचना होगा। विरोधी आपसे किसी बात को लेकर उलझ सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।



**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आपको बिजनेस में किसी डील से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आज आपको जल्दबाजी मे कोई निर्णय लेने से बचना होगा, नहीं तो उससे आपको समस्या होगी। आपको अपने मित्र के कोई बात बुरी लग सकती है।



**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फ्लदायक रहने वाला है। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। कलाक्षेत्र से जुड़े लोगों को एक नई पहचान मिलेगी। आपकी यश व कीर्ति में वृद्धि होगी। आपके काम से आपके अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। खर्च बढ़ने से आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। बिजनेस में रुका हुआ धन मिलने की पूरी संभावना है।



# आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूस कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा। माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार.तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है।

## ज्ञानवाणी

## रिश्तों की ऑनलाइन डिलीवरी

एक युवक को अपने पिता के साथ बैंक जाना पड़ा क्योंकि उन्हें कुछ पैसे ट्रांसफर करने थे। बैंक में जाने के बाद वहां थोड़ा समय लग गया। बैंक में जब घंटा भर बीत गया तो युवक अपने आप को रोक नहीं पाया। वह अपने पिता के पास गया और बोला: पिताजी, आप अपने अकाउंट पर इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं क्यों नहीं शुरू करवा लेत?

पिता ने पूछा: और मुझे ऐसा क्यों करना चाहिए?

बेटा बोला: यदि आप ऐसा कर लेते हैं तो आपको पैसे ट्रांसफर करने जैसे कामों के लिए बैंक में घंटों नहीं बैठना पड़ेगा। इसके बाद, आप अपनी खरीदारी भी ऑनलाइन कर सकते हैं। सब कुछ बहुत आसान हो जाएगा!

बेटा अपने पिता को इंटरनेट बैंकिंग के फायदे दिखाने को लेकर बहुत उत्साहित था।

पिता ने पूछा: अगर मैं ऐसा करता हूंए तो मुझे घर से बाहर कदम नहीं रखना पड़ेगा?

युवक ने बड़े उत्साहित होकर कहा: हां, बिलकुल। आपको कहीं नहीं जाना पड़ेगा। आपके मोबाइल पर बटन दबाकर आर्डर देने की देर है, और आपके घर पर सामान हाजिर होगा। बेटे ने अपने पिता को बताया कि कैसे अब किराने का सामान भी घर पर पहुंचाया जा रहा है और कैसे अमेज़न जैसी कंपनियां इंसान की जरूरत का हर सामन घर पहुंचा देती हैं! ये सब सुनने के बाद पिता ने जो जवाब दिया उससे बेटे की जुबान पर ताला लग गया।

उसके पिता ने कहा: आज, जब से मैंने इस बैंक में प्रवेश किया है, मैं अपने चार दोस्तों से मिल चूका हूं। पैसे ट्रांसफर करवाने के दौरान मैंने बैंक के कर्मचारियों के साथ थोड़ी देर बात की और वो अब मुझे अच्छी तरह से जानते हैं। तुम्हारे जाने के बाद, मैं बिलकुल अकेला हूं। और मुझे इसी तरह की कंपनी की जरूरत है। मुझे तैयार होकर बैंक आना अच्छा लगता है। समय की दिक्कत तुम्हारी पीढ़ी को होगी, मेरे पास पर्याप्त समय है। मुझे चीजों की नहीं, मानवीय स्पर्श की जरूरत महसूस होती है।

जवाब सुनकर युवक को झटका लगा।

पिता ने आगे कहा: दो साल पहले मेरी तबीयत खराब हो गई थी। जिस दुकानदार से मैं फल ख़रीदता हूँ, उसे पता चला तो वह मुझसे मिलने आया और मेरे हालचाल पूछ कर गया। तुम्हारी माँ कुछ दिन पहले मॉर्निंग वॉक के दौरान गिर पड़ी थी। तो जिस व्यक्ति से मैं किराने का सामान लेता हूँ उसने देखा तो वह तुरंत अपनी कार में तुम्हारी मां को घर छोड़कर गया। तो बेटा, अगर मैं सब कुछ ऑनलाइन लूंगा, तो क्या मेरे पास इस तरह का 'मानवीय' स्पर्श होगा?

बेटा कुछ बोलता इससे पहले पिता ने कहा: मैं नहीं चाहता कि सब कुछ मुझ तक पहुंचाया जाए और इसके लिए मैं अपने आप को सिर्फ बेजुबान, बिना भावनाओं वाले कंप्यूटर से बातचीत करने के लिए सीमित और मजबूर कर लूँ। जिससे मैं कुछ खरीदता हूँ, वो मेरे लिए सिर्फ एक विक्रेता नहीं, उससे मेरे मानवीय संबंध बनते हैं। और ये रिश्ते ही हमें इंसान बनाते हैं, हमारी मानवीय जरूरतों को पूरा करते हैं, हमें जिंदा महसूस करवाते हैं।

अंत में पिता ने पूछा: क्या कोई कंपनी रिश्ते भी ऑनलाइन डिलीवर करती है? 'टेक्नोलॉजी से जिदगी सुविधाजनक तो की जा सकती है लेकिन उसके सहारे गुजारी नहीं जा सकती'।

# जल भराव वाले क्षेत्रों में न मनाएं पिकनिक, न लें सेल्फीः कलेक्टर

## मौसम ऐप का करे प्रयोग, बाढ़-ग्रस्त होने वाले क्षेत्रों से रहें परिचित

*शहडोल। बरसात को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने शहडोल जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कि बरसात के समय बाढ़ वाले इलाके जैसे नदियां, नाले, पुल आदि में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि सूचना के लिए रेडियो सुनना, टेलीविजन देखना,सजग रहें कि आकस्मिक बाढ़ भी आ सकती है। किसान मौसम ऐप का प्रयोग कर मौसम की भविष्यवाणी को जानें। आकस्मिक बाढ़ आने की कोई संभावना हो तो किसी ऊंचें स्थान पर तुरंत चले जाएं, नदियों, नहरों, नालों, घाटियों तथा अचानक बाढ़-ग्रस्त होने वाले अन्य क्षेत्रों से परिचित रहें। इन क्षेत्रों में बारिश के बादल या भारी बारिश जैसी किसी विशिष्ट चेतावनी के साथ या उसके बिना आकस्मिक बाढ़ आ सकती है, अपने घर की नालियों में बाढ़ के पानी को घुसने से रोकने के लिए मोरी की जालियों (सीवर ट्रैप्स) में चेक वाल्व लगाएं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें तथा गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नहीं छुएं। बारिश में साफ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें तथा इन स्थलों से दूर रहें।*

# नगर परिषद जयसिंहनगर हुआ कांग्रेस मुक्त

## नगर परिषद अध्यक्ष सहित 4 पार्षदों ने ली भाजपा की सदस्यता

**शहडोल।** नगर परिषद जयसिंहनगर में सोमवार को एक राजनैतिक घटनाक्रम में कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष, नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष सहित पार्षदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस राजनैतिक घटनाक्रम से अब जयसिंहनगर नगरपरिषद में भाजपा का कब्जा हो गया है।



### प्रधानमंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल

जयसिंहनगर के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय के नेतृत्व में जयसिंहनगर नगर परिषद की अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश शुक्ला, पार्षद गेंदाबाई सोनी, पार्षद गुड़िया अहिरवार, पार्षद दीपक बैगा, पार्षद फूलमत बैगा, पार्षद शिवानी उपाध्याय एवं नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चक्रधारी शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद रामनारायण सोनी सहित दर्जनों कांग्रेसी नेताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह एवं जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी द्वारा कमल पट्टिका पहनाकर मिष्ठान खिलाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी, दीपक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा, शीतल पोद्दार, अरूण गौतम अध्यक्ष अंत्योदय समिति जयसिंहनगर, विनय केवट, सुनील मिश्रा, अरूण द्विवेदी अंकित सिंह बघेल, निर्मल द्विवेदी मण्डल उपाध्यक्ष, जयप्रकाश पाण्डेय पूर्व पार्षद, संपत मिश्रा उपाध्यक्ष नगरपरिषद जयसिंहनगर, यमुना प्रसाद मिश्रा, परदेशी चर्मकार, कपिलदेव सिंह बूथ अध्यक्ष, हीरालाल पाल जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जयसिंहगर नगर परिषद की अध्यक्ष सुशीला शुक्ला ने कहा कि वे भाजपा की रीति नीति एवं कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी एवं मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय द्वारा अपने 5 पार्षदों सहित सदस्यता ग्रहण कर रही हूँ।

भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने कहा कि सेवा ही संगठन भाजपा का मूल मंत्र है नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष और पार्षदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्य और देश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई हैं।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री संतोष लोहानी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय द्वारा करते हुए कहा कि नगरपरिषद की अध्यक्ष एवं पार्षदों का भाजपा में स्वागत है। जयसिंहनगर के विकास के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह एवं विधायक मनीषा सिंह कृतसंकल्पित हैं। आगामी दिनों में जयसिंहनगर को बाईपास एवं नल जल योजना का शत प्रतिशत लाभ मिलेगा जिससे क्षेत्र का विकास होगा।

# मंत्रियों, विधायकों से टैक्स भरवा कर बचत बताने वाली सरकारः अवस्थी



**विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने अपने बयान में कहा कि विगत वर्ष तक मंत्रियों और विधायकों के भत्ते सहित अन्य टैक्स सरकार भरती थी, लेकिन सरकार ने हाल ही में निर्णय लिया है कि अब इस प्रकार से सभी टैक्स मंत्रियों और विधायकों को खुद भरना पड़ेगा।

अवस्थी ने कहा कि भाजपा इस निर्णय को संवेदनशील बता रही है तो क्या शिवराज सिंह की सरकार संवेदनशील नहीं थी। जबकि सच्चाई यह है कि मंत्री, विधायक तो पहले से ही टैक्स भरने में सक्षम थे, लेकिन इस निर्णय से सरकार जनता के सामने आखिर क्या साबित करना चाहती है। अवस्थी ने कहा कि सरकार हवाई जहाज खरीदी, शासकीय बंगलों की सजावट, लग्जरी गाड़ियों की खरीदी पर फिजूलखर्ची पर रोक लगाये। चुनाव के समय महिलाओं को 3000 रूपये महीने, 450 रूपये में गैस सिलेण्डर, किसानों को गेहूं और धान के 2700 और 3100 रूपये समर्थन मूल्य देने के जो वादे किये थे उन वादों को पूरा करे सरकार।

# बारिश के पूर्व बाढ़ राहत के कार्य का होमगार्ड और एसडीआरएफ ने किया प्रदर्शन

## कलेक्टर एसपी की मौजूदगी में बेतवा नदी के बंगला घाट पर उपकरणों के साथ किया गया प्रदर्शन




**विदिशा।** बारिश का मौसम शुरू होने को है। ऐसे में विदिशा शहर और जिले के कई इलाके ऐसे हैं जहां अक्सर बारिश में बाढ़ के हालात बन जाते हैं। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवान लगातार तैयार रहते हैं, उन्हें तैयारी का बुधवार को प्रदर्शन बांग्ला घाट पर किया गया। इस दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, एसपी दीपक शुक्ला भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि 2022 में जिस प्रकार से बाढ़ के हालात विदिशा शहर और जिले में बने थे, उसको आधार मानकर और उसके अनुभवों के आधार पर तैयारी की जा रही है। 300 से ज्यादा आपदा मित्र तैयार किए गए हैं, उन्हें तैराकी और बाढ़ की स्थिति में बचाव के तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह भी बताया गया कि दो स्कूव डाइवर जो गहरे पानी में जाकर किसी को बचाने का काम कर सकते हैं, उन्हें प्रशिक्षित किया गया है दो अन्य स्कूव डाइवर 7 तारीख को विदिशा में आ जाएंगे, किसी भी आपदा की स्थिति में जान और माल का नुकसान न हो ऐसा बाढ़ राहत का यही उद्देश्य है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का हुआ आयोजन



**विदिशा।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के मौके पर उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विदिशा विधायक मुकेश टंडन, एसपी दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश तुकाराम भरसट, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी के अलावा अन्य अधिकारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस कार्यशाला के दौरान नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# फिर से विश्व रिकार्ड बनाएंगे विकास पचौरी



**विदिशा।** विगत 10 वर्षों में ढ़ाई लाख व्यक्तियों का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चैक करके विश्व रिकार्ड बनाने वाले अंतिम सेवक विकास पचौरी ने अब स्वयं के बनाए विश्व रिकार्ड को तोड़ने एक नया सेवा मिशन शुरू कर दिया है। अब यह तीन लाख ब्लड ग्रुप का नया विश्व रिकार्ड बनाने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत बुधवार को विठ्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे निराश्रित एवं मानसिक विकलांग प्रभुजी के ब्लड ग्रुप जांच कर की गई। रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए चलाए जा रहे इस मिशन में विदिशा जिले के गांव एवं शहरों में रहने वाले सभी उम्र के बच्चे, महिला पुरुष एवं बुजुर्गो की जांच नि:शुल्क की जाएगी। इसके लिए विकास पचौरी ने एक मारुती 800 को मोडीफाय करके चलित लैब बनाया है, जिसमें टेक्निीशियम टीम द्वारा ब्लड ग्रुप जांच करके परिचय कार्ड बनाकर दिया जाएगा।

# शहर की सड़कों के कांग्रेस ने भरे गड्ढों



**विदिशा।** विदिशा शहर में विभिन्न सड़कों पर गड्ढे होने की वजह से नगर पालिका में पार्षद नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के साथ तमाम कांग्रेस के पार्षदों और नेताओं द्वारा तिलक चौक पर सड़कों के गड्ढों को सीमेंट, गिट्टी, रेत से भरने का काम किया गया। गड्ढे भरकर नगर पालिका की नाकामी बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। पार्षद नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि शहर की अधिकांश सड़कों के हालात बद् से बद्तर हैं। गड्ढे धूल और बारिश में कीचड़ की वजह से लोग परेशान हैं। नगर पालिका दावा करती है कि रोडों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जा चुका है लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। उन्होंने 15 दिन का अल्टीमेट नगर पालिका परिषद को दिया है। यदि सड़कों का सुधार कार्य नहीं हुआ तो कलेक्टर से मुलाकात करेंगे और उसके बाद उग्र आंदोलन करेंगे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि नगर पालिका से लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार है और 20 सालों के दौरान उनके बातों के अनुसार विकास कार्य कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा। बारिश के सीजन में डामरीकरण किया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है।

# ब्यौहारी-जयसिंहनगर निर्माणाधीन मार्ग में आए दिन हो रही मौतें

## ठेकेदार की लापरवाही बन रही मौत का कारण

**शहडोल।** ब्यौहारी से जयसिंहगनर तक सड़क का चौड़ीकरण करते हुए सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान कार्यरत ठेकेदार द्वारा सुरक्षा हेतु न तो किसी प्रकार के साइन बोर्ड लगाए गए हैं न ही किसी प्रकार की चेतावनी आदि के बोर्ड लगाए गए हैं। जगह-जगह सड़कें अधूरी हैं, कुछ दूरी तक सड़क निर्माण पूर्ण किए गए हैं, रास्ते में पड़ने वाले सभी पुलों के पास निर्माण कार्य अधूरा है, इन अधूरे निर्माण कार्यों के पास किसी प्रकार की चेतावनी के बोर्ड अथवा स्टापर आदि नहीं लगाए गए हैं। मार्ग में अचानक ही खराब सड़क प्रारंभ हो जाती है, सड़कों पर निर्माण सामग्री भी पड़ी हुई है, जिसके कारण राहगीरों को काफी समस्याएँ हो रही हैं।

### अनियंत्रित हुआ बाईक सवार घटना स्थल पर हुई मौत

ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव में निर्माणाधीन सड़क पर पुल के पास निर्माण सामग्री बड़े-बड़े गिट्टे पड़े होने एवं वहाँ पर सड़क अधूरी होने के कारणबाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें 30 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई तो वहीं उसका साथी गंभीर घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश बैगा उम्र 30 वर्ष रमेश बैगा के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदारी में भैंसहा जा रहा था, तभी रास्ते में जोरा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें सवार मुकेश बैगा की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं रमेश गंभीर घायल हो गया।

निर्माणाधीन मार्ग में कहीं भी किसी प्रकार का संकेतक या सचेतक संकेत नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और बेवजह लोग अपनी जान से हाथ धो रहे हैं।

### इनका कहना है.......

*वन विभाग सहित कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण अभी काम रूका हुआ है। रास्तों पर पड़ी निर्माण सामग्री को व्यवस्थित कराया जा रहा है। डेंजर प्वाइंट्स पर संकेतक आदि लगाने की व्यवस्था कराई जा रही है।*

**आशीष पटेल**
**प्रबंधक, एमपीआरडीसी**

# पैसेंजर ट्रेन चलाने सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** रेलवे अप-डाउनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आजम उद्दीन द्वारा शहर में आगामी 30 जून से 6 जुलाई तक 07 दिवस के लिए विश्व प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवकथा सुनने के लिए लाखों की संख्या में भोपाल एवं आसपास के जिलों से कथा श्रवण करने हेतु पहुंचने वाले जैसे भोपाल, बीना, विदिशा, सीहोर, उज्जैन, गंजबासौदा, सांची, मंडी-बामोरा, इटारसी आदि जगहों से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं श्रद्धालुओं की बेहतर सहूलियत के लिए एक पैसेंजर ट्रेन का संचालन अल्पावधि के लिए करने की देवाशीष त्रिपाठी मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। भोपाल-बीना रेल खण्ड के मध्य चल रही गाड़ियों में वैसे ही अत्यंत भीड़ और अत्यधिक यात्री भार है, ऐसे श्रद्धालुओं की हजारों,लाखों की भीड़ अगर इन ट्रेनों से यात्रा करेंगी तो यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और प्रतिदिन विवाद की स्थिति निर्मित होगी, जनरल कोच में भीड़ बढ़ने से महिलाएं, बच्चे और आम यात्रियों को गेट पर लटककर जान जोखिम में डालकर यात्रा करना होगा। यात्रियों की समस्या एवं श्रद्धालुओं की बेहतर सहूलियत हेतु स्पेशल पैसेंजर ट्रेन के चलाने का ज्ञापन सौंपा। मंडल रेल प्रबंधक ने अति शीघ्र सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक (रेल) मृगाखी डेका एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रशांत यादव को विदिशा स्टेशन पर विशेष बल तैनात करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

# समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए विशनपुरवा में आयोजित होगा विशेष शिविर

**शहडोल।** शहडोल जिले के गोहपारू विकास खंड के ग्राम पंचायत विसनपुरवा की ग्रामीण महिलाओं ने कमिश्नर से शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बिसनपुरवा की गरीबी रेखा की सूची में साधन संपन्न लोगों के नाम जुड़े है। ग्रामीण महिलाओ का कहना था कि हमारे पास खेती नहीं है, हम मजदूर हैं इसके बावजूद हमारा नाम गरीबी रेखा की सूची में नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीण को कहना था कि ग्राम पंचायत के पटवारी और सचिव द्वारा गरीबी रेखा की सूची में गंभीर अनिमित्ताएं की गई है। जिसके कारण गरीब और कमजोर तपके के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि ग्राम पंचायत में गरीबी रेखा की सूची के लिए पुनः सर्वे कराया जाए और गरीबी रेखा की सूची में पात्र हितग्राहियों का ही नाम जोड़ा जाए। जिस पर कमिश्नर ने ग्रामीण महिलाओं को समझाईस देते हुए बताया कि 26 जून 2024 को ग्राम पंचायत बिसनपुरवा के पंचायत भवन में क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सचिव, पटवारी एवं अन्य विभागों के मैदानी कर्मचारी शाम 04 बजे उपस्थित होकर आपकी समस्याएं सुनेंगे। कमिश्नर ने ग्रामीणों को बताया कि 26 जून को आपकी ग्राम पंचायत में शाम 04 बजे से आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष विशिर का आयोजन किया जाएगा उन्होनें ग्रामीणों को बताया कि आप नियत समय में उपस्थित होकर उनके समक्ष आपनी समस्याएं और शिकायतें रखें आपकी शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

# विदिशा के ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** विदिशा शहर में ई-रिक्शा चालकों की संख्या में इजाफा हुआ है। शहर में कई जगहों पर सवारी लाने-ले जाने का काम ई-रिक्शा के माध्यम से किया जा रहा है, लेकिन इन्हें चलाने वाले चालक परेशान हैं। बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने शहर के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के ऑटो स्टैंड पर ई-रिक्शा चालकों को खड़े होने से ऑटो चालक भगाते हैं और सवारी लेने से भी उन्हें रोका जाता है। ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि उन्होंने स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए यह कार्य प्रारंभ किया है, लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के अलावा शहर के मुख्य चौक, चौराहों पर भी उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्टर से ज्ञापन के जरिए मांग करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर ई-रिक्शा चालकों को खड़े होने के लिए स्थान सुनिश्चित किया जाए।

# फर्जी मस्टर बनाकर निकाल ली कपिल धारा योजना की राशि

## हितग्राही ने कर्ज लेकर बनवाया था कपिल धारा योजना अंतर्गत कुआँ



**शहडोल।** शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पंचायत रेऊसा के रामेश्वर पाल ने कमिश्नर शहडोल से शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम पंचायत द्वारा उसके खेत में कपिल धारा के नाम से कुएं का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसमें मैंने अपना पैसा लगाकर निर्माण कार्य कराया था, किन्तु फर्जी मस्टर रोल भरकर लगभग 57 हजार 9 सौ रूपये की राशि गबन कर ली गई है। मैंने कुएं का कार्य कर्ज लेकर कराया था। मुझे शासन से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। रामेश्वर पाल ने कमिश्नर से कुएं के लिए स्वीकृत राशि मुहैया कराने की बात कही। ग्रामीण की शिकायत पर कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल को निर्देश दिए कि वह शिकायत की गंभीरता से जांच करें, तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्कूल के बाहर ताला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन




**विदिशा।** बुधवार को दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने सीएम राइस स्कूल में अव्यवस्थाओं की शिकायत करते हुए बच्चों के प्रवेश के पूर्व वहां ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान 30 मिनट से लेकर 45 मिनट तक छोटे बच्चे भी धूप में परेशान होते रहे। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। अपने स्तर पर समझाने का प्रयास किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य नहीं माने, बाद में तहसीलदार अमित ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। जिला शिक्षाधिकारी राम ठाकुर को भी मौके पर बुलाया गया। उसके बाद जाकर स्कूल के बाहर लगा ताला खोला गया। अंदर पहुंचने के बाद जहां एक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप लगाए तो वहीं वहां के शिक्षक भी अभाविप के साथ मिलकर प्राचार्य को घेरते दिखाई दिए। जिला शिक्षाधिकारी ने छात्र संगठन द्वारा दिए ज्ञापन पर जल्द से जल्द सुधार कार्य और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं बताया गया कि कुछ समय पहले भी प्राचार्य और शिक्षकों के बीच में विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी, जिसकी जांच जिला शिक्षाधिकारी ने की थी। उन्होंने इस मामले में कहा कि जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है, आगे का निर्णय अधिकारी लेंगे। उन्होंने माना की किसी भी संस्थान में प्रमुख और उनके सहयोगियों के बीच कई बार काम को लेकर मनमुटाव हो जाता है। इधर तहसीलदार ने कहा कि यदि शिक्षकों और स्कूल की तरफ से छात्र संगठन के खिलाफ कार्यवाही के लिए आवेदन आता है तो नियम अनुसार उस पर कार्रवाई की जाएगी।



# पुस्तकालय का समय बढ़ाने छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

## कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा पुस्तकालय



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के स्वामी विवेकानन्द जिला पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर शहडोल को सामूहिक आवदेन देकर बताया कि जिला पुस्तकालय शहडोल पिछले एक वर्ष से प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा सप्ताह के सातों दिन संचालित होता आ रहा है, परन्तु नये आदेश के अनुसार पुस्तकालय के संचालित होने का समय परिवर्तन कर प्रातः 10 बजे से शाम 06 तक निर्धारित किया गया है। साथ ही रविवार को अवकाश भी रखा गया है। जिस कारण से जिला पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी समस्याएं हो रही है। उन्होंने बताया कि आगामी परीक्षाओं एमपीपीएससी, यूपीएससी, रेलवे, एसएससी, बैंक इत्यादि को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय खुलने का समय पूर्व की भांति प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा रविवार को भी संचालित किया जाए। जिस पर संयुक्त कलेक्टर अमृता गर्ग ने शिक्षा विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर छात्र-छात्राओं के मांग के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


### कर्मचारियों की कमी से आ रही समस्या

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय एमपीपीएससी की तैयारी हेतु पूर्व कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा सम्पन्न होने तक प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक खोला जा रहा था। पुस्तकालय प्रभारी राजेश निगम ने बताया कि कर्मचारियों की के कारण लाइब्रेरी का संचालन 12 घंटे लगातार किये जाने में काफी समस्याएँ हो रही हैं। प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक पुस्तकालय खोलने हेतु दो पाली में कर्मचारियों की आवश्यकता होती है, जिला शिक्षा अधिकारी की देखरेख में संचालित यह पुस्तकालय कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। 12 घंटे के लिए पुस्तकालय संचालित करने के लिए कम से कम 4 जिम्मेदार कर्मचारियों की आवश्यकता है, जो कि छात्र-छात्राओं के आगमन-एवं प्रस्थान सहित उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रख सकें।

# रेलवे एम्पलाइज को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के प्रतिनिधियों के चुनाव संपन्न



**विदिशा।** रेलवे एम्पलाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी भोपाल परिक्षेत्र के प्रतिनिधियों के चुनाव रेलवे संस्थान विदिशा में संपन्न हुए। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद राष्ट्रहित, रेलवे हित एवं मजदूर कर्मचारी हित में निरंतर कार्य करने वाले संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के सभी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव चिन्ह मुट्ठी वाली चक्र पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने का सभी से आग्रह करते हुए कहा कि लाल झंडे का भ्रष्ट तंत्र 111 वर्षों से ईसीसी सोसायटी पर काबिज हैं उसे ढहाने की चेष्टा में पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है और मेहनत से सभी प्रत्याशियों को जिताने का बीणा उठा लिया है।



## न्यूज ब्रीफ

### जिले में अब तक 65.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 01 से 26 जून 2024 तक 65.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 6.5 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रायसेन में 143.3 मिलीमीटर, गैरतगंज में 03, बेगमगंज में 55.9, सिलवानी में 100, गौहरगंज में 94, बरेली में 24.8, उदयपुरा में 38, बाड़ी में 93, सुल्तानपुर में 80.2 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 22.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पहाड़ों को हरा-भरा करने खोदे गड्ढे, लगाए जाएंगे 60 हजार पौधे



**रायसेन।** वन मंडल के तहत पश्चिम रेंज वाले क्षेत्र में बारिश का दौर शुरू होते ही पौधरोपण का काम तेजी से शुरू हो गया है। सेहतगंज के महादेव पानी क्षेत्र, खरबई और दीवानगंज की पहड़ों पर वन भूमि में पौधरोपण करने के लिए करीब 60 हजार गड्ढे करवाए गए हैं। इस क्षेत्र को तार फेंसिंग से कवर भी किया गया है,ताकि पौधारोपण के बाद यहां पर लगने वाले पौधों को सुरक्षित रखा जा सके। पश्चिम वन परिक्षेत्र के रेंजर बृजेंद्र तिवारी ने बताया कि महादेव पानी,खरबई और दीवानगंज वाले क्षेत्र में पौधारोपण करने के लिए एक साल से तैयारी चल रही है। इन तीनों क्षेत्रों में करीब 60 हजार से अधिक गड्ढे करवा लिए गए थे। अब उनमें पौधे लगाने का काम शुरू हुआ है, जो 10 से 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। इन क्षेत्रों में सागौन, आंवला, बहेडा, हिंसा, आचार बरगद आदि प्रजातियों के पौधे रोपे जा रहे हैं।

### आदर्श कन्या शाला में नशा मुक्ति पर छात्राओं ने बनाए चित्र, लिखे निबंध



**परासिया।** आदर्श कन्या शाला में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने नशा मुक्ति विषय पर निबंध लिखे और चित्र बनाए। बडी संख्या में छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कन्या शाला की प्राचार्य स्वर्ण कुमारी सिंग के मार्गदर्शन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ममता कराडे के नेतृत्व में प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ममता कराडे ने बताया कि छात्राओं ने नशे से मुक्ति के लिए तरह तरह के चित्र बनाए। चित्रों में नशे के दुष्परिणाम भी बताए गए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका ने मांगों को लेकर महामाया पर किया धरना प्रर्दशन

## मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा को दिया ज्ञापन आंदोलन की दी चेतावनी

**रायसेन ब्यूरो, विनीत माहेश्वरी**
**मो. 9981322343**

**रायसेन।** बुधवार को जिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले महामाया चौक पर धरना प्रर्दशन कर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर ज्ञापन दिया। जिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले शहर के महामाया चौक पर धरना प्रर्दशन किया, इसके बाद महा रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर 16 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं एकता यूनियन मध्य प्रदेश सीटू आंगनबाड़ी कर्मियों को गंभीर समस्याओं को ध्यान आकर्षित करते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग की है आईसीडीएस केंद्र सरकार की योजना है जिसमें पोषण ट्रैकर एप केंद्र सरकार का ऐप है ।

**नेटवर्क नही मिलता,एप को बंद किया जाए**







केंद्र सरकार के ऐप में पूरे भारत देश में कार्य किया जा रहा है इस ऐप में आईसीडीएस संबंधी सर्वे से लेकर सभी रजिस्टरों का कार्य करवाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों को कार्य दो एक पोषण ट्रैकर एप एवं संपर्क ऐप में करना पड़ रहा है। दो एप एक साथ काम करने में समस्या पैदा हो रही है। पोषण ट्रैकर ऐप तो खुल जाता है। तो संपर्क एप खोलने में दो-तीन घंटे लग जाते है, बहुत से गांव ऐसे हैं जहां नेटवर्क नही मिलता है,जिससे उनका काम करने में परेशानी होती है । जिससे उनका मानदेय उनका मानदेय काट लिया जाता है। जिससे परेशान होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने एप को बंद करने की मांग की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका की प्रमुख मांगे :-जिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका ने मांग की संपर्क एप बंद कर 3 से 6 साल के बच्चों को सरकारी स्कूलों में तीन से 6 वर्ष के बच्चों के प्रवेश के सरकारी आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाए । आंगनबाड़ी केंद्रों में केजी1 केजी 2 की शिक्षा दिए जाने की व्यवस्था की जाए,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के पद पर पदोन्नति में उम्र का प्रावधान समाप्त किया जाए,आदर्श विद्यालय पदोन्नति दी जाए,मिनी कार्यकर्ताओं को फुल कार्यकर्ता बनाए जाए,ग्रेजुएटी का लाभ

## जिले को 2025 तक टीबी मुक्त करने जिले में चल रहा अभियान

### ल्यूपिन फाउंडेशन ने 106 टीबी मरीजों को लिया गोद



**रायसेन।** जिले के मण्डीदीप में आयोजित कार्यक्रम में डॉ देशबंधु गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा 106 टीबी मरीजों को 6 माह के लिए गोद लेते हुए निक्षय मित्र बनकर पोषण आहार प्रदाय किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को 2025 तक की टीबी मुक्त करने की घोषणा की है। जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है। कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ यशपाल बाल्यान के प्रयासों से लगातार टीबी मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है। ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा 106 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार प्रदान किया गया है। लूपिन फाउंडेशन के मंडीदीप प्रभारी राजीव पुरी ने टीबी मरीजों को हर तरह की मदद का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का आयोजन मंडीदीप सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ विवेक नागर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शर्मा एसटीएस एवं डॉ आरती गंगवार जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया गया।

## झाड़ीयों में मिला नवजात, हाथ पर लगे टैग पर लिखा है माता-पिता का नाम, पुलिस कर रही जांच



**रायसेन।** जिले की सिलवानी थाना क्षेत्र के सियरमऊ में टढ़ा रोड पर खेत की बागड़ के पास एक नवजात शिशु मिला है। बच्चा जख्मी है, कांटों से नवजात के मुंह में चोट लगी है। ग्रामीणों ने नवजात को गांव के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया,यहां स्टाफ नर्स भारती चौहान ने चैक कर उसे प्राथमिक उपचार दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह गांव के गंगाराम आदिवासी ने नवजात को देखा और ग्रामीणों ने थाने में सूचना दी। ग्रामीणों ने नवजात को ग्राम के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां नर्स भारती चौहान ने बच्चे का प्राथमिक इलाज किया। वही बच्चे का वजन 3 किलो है वो स्वस्थ है। बच्चे की डिलीवरी रायसेन में हुई है। बच्चे के हाथ पर पर्ची बंधी है। जिसमें पिता का नाम मनीष और माता का नाम राजकुमारी लिखा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि सियरमऊ में नवजात की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। नवजात का स्वास्थ्य केन्द्र में है जो स्वस्थ है,उसके माता पिता की खोज की जा रही है।

### शेष संविदा अभ्यर्थियों की शारीरिक माप परीक्ष 28 जून तक

**रायसेन।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा वन विभाग के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिये लिखित परीक्षा ली गई थी। इसके परिणाम 14 मार्च को जारी कर दिये गये थे।

उल्लेखनीय है कि वन विभाग के वनरक्षक एवं वन विकास निगम के क्षेत्ररक्षक का अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की कार्रवाई वन विभाग द्वारा 24 मई से 27 मई के मध्य कराई गई थी। इसमें अधिक गर्मी के कारण कार्रवाई स्थगित की गई थी। साथ ही लोकसभा चुनाव में ड्यूटी होने के कारण अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हो सके थे। ऐसे अनुपस्थित एवं 5 जिलों के शेष संविदा अभ्यर्थियों के लिये शारीरिक माप परीक्षा 26 जून से 28 जून तक संबंधित जिला वन मण्डलों में आयोजित की जा रही है।

# नहीं हो रही बारिश, तेज धूप गर्मी से लोग हो रहे परेशान

### जिले में लगेंगी ढाई लाख हेक्टेयर में धान की फसल,किसान कर रहे बारिश का इंतजार



**रायसेन।** मानसून आने में समय लग रहा है। इसके पहले दिन में तीखी धूप निकल रही है। लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की सुबह से तेज धूप निकली है। बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल लगाने वाले किसानों की भी चिंता बढ़ गई है,किसानों ने धान की फसल के लिए अपने खेत तैयार कर लिए थे पर बारिश नहीं होने के कारण किसान खेतों में धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं, जबकि पिछले साल 26 जून तक अच्छी बारिश होने के कारण जिले के नदी नाले उफान पर आ गए थे और कई दिनों तक दूसरे जिलों से रायसेन का सड़क संपर्क भी टूट रहा था। खेतों में भी अधिक मात्रा में पानी भर गया था। पर इस साल 26 जून तक रायसेन में मानसून नहीं आने के कारण नदी तालाब से लेकर खेत खाली पड़े हैं। रायसेन जिले में ढाई लाख हेक्टेयर में धान की फसल की जाती है।

## परासिया अस्पताल में जन्मा दुर्लभ बीमारी वाला बच्चा



**परासिया।** परासिया अस्पताल में दुर्लभ बीमारी वाले बच्चे को महिला ने जन्म दिया। बच्चे को हार्लेक्नि इचिथियोसिस बीमारी है। अनुवांषिक रोग के इस तरह के मामले पांच लाख में से एक बच्चे को होते है। लेकिन परासिया में दो साल में दूसरी बार इस तरह का बच्चा जन्मा है। इससे पहले चांदामेटा में तीन नवंबर 2022 को इस बीमारी से ग्रसित बच्चे ने जन्म लिया था। परासिया अस्पताल में वार्ड तीन की महिला को प्रसूति के लिए भर्ती किया गया था। महिला ने जिस बच्चे को जन्म दिया उसको देखकर सभी आष्चर्यचकित रह गए। जो बच्चा जन्मा उसकी त्वचा सफेद पपटीदार थी। आंखे होठ लाल थे। इस बीमारी से ग्रसित बच्चे की त्वचा पपडीदार होती है। आमतौर पर इस तरह के बच्चे जीवित नहीं रह पाते। लेकिन बेहतर देखरेख से व्यस्क हो सकते है। अस्पताल में चिकित्सक डा शषि अतुलकर ने बताया कि हार्लेक्निन इचिथियोसिस एक अनुवांशिक बीमारी है। 2016 में पहली बार इस तरह का बच्चा नागपुर में जन्मा था। इसके बाद अन्य राज्यों में भी इस तरह के बच्चे जन्में है। इस बच्चे को छिंदवाडा रिफर कर दिया गया है। चांदामेटा हास्पिटल की नर्सिंग आफिसर स्वाति विष्वकर्मा ने बताया कि नवंबर 2022 में हार्लेक्वीन इचिथियोसिस से पीड़ित बच्चे का जन्म चांदामेटा में हुआ था। तब ये क्षेत्र का पहला मामला था।

## वार्ड 15 में एसिड पीने से युवक की मौत

### टायर रिमोल्डिंग फैक्ट्री में काम करता था मृतक



**पासिया।** परासिया के वार्ड क्रमांक 15 में एसिड पीने से युवक की मौत हो गई। युवक के दो बच्चे है। युवक टायर रिमोल्डिंग फैक्ट्री में काम करता था। आज उसका पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक श्रीकुमार केवट वार्ड 15 में महाराष्ट्र बैंक के पीछे का निवासी था। घर में उसकी पत्नी और वह था। बीते कुछ दिनों से वह बीमारी से पीडित था। उसके पेट में लगातार दर्द होता था। इसके अलावा अन्य बीमारी से भी वह पीडित था। वह नषे का आदि था। उसने घर में रखा टायलेट में डालने का एसिड पी लिया। उसे परासिया अस्पताल लाया गया। यहां से उसे छिंदवाडा रिफ्र कर दिया गया। रास्तें ही उसकी मृत्यु हो गई। उसे परासिया लाया गया। परासिया पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा बनाया। उसका पोस्टमार्टम डा रवि अलावा ने किया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। युवक का अंतिम संस्कार परिजनों ने आज कर दिया।

## कलेक्टर सहित अधिकारियों ने सिंगरी नदी पुल के पास किया श्रमदान



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर शीतला पटले ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर में करबला स्थित झिरना के पास आयुष हॉस्पिटल के पीछे सिंगरी नदी पुल के पास साफ-सफाई कर श्रमदान किया। सफाई अभियान का आयोजन नगर पालिका नरसिंहपुर द्वारा किया गया। इस दौरान ज़िला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार,सीएमओ नीलम चौहान,ज़िला अधिकारी- कर्मचारी और नगर पालिका का अमला मौजूद था। कलेक्टर ने कहा कि जलाशय में किसी प्रकार का कचरा नहीं करे। जलाशय के जल को साफ बनाए रखने के लिये पालीथीन का उपयोग नहीं करें तथा जल संवर्धन के लिये पौधारोपण करें। जलाशय को जीवंत मानकर उसकी स्वच्छता एवं संरक्षण का पूर्ण रूप से ध्यान रखें। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों को अविरल बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में स्थित नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू इस अभियान को 30 जून तक जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, तालाब एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवन व संरक्षण का कार्य स्थानीय, सामाजिक, अशासकीय संस्थाओं एवं जनभागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सभी लोग उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागिता निभा रहें है।

# जनपद के गुरु गोविंद सिंह चौक के कॉम्प्लेक्स का होगा नव निर्माण

### चार मंजिला कॉम्प्लेक्स बनेगा, आधुनिक सुविधाएं रहेगी





**नगर के महत्वपूर्ण व्यवसायिक स्थल पर बने जनपद पंचायत के कॉम्प्लेक्स का नव निर्माण किया जाएगा। जनपद पंचायत ने आज इसको लेकर सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया। चार मंजिला कांपलेक्स बनाया जाएगा। जिसमें पार्किंग की सुविधा होगी।**

**परासिया।** आधुनिक तकनीक से इसे बनाकर एडवांस व्यवस्थाएं सुविधाएं इसमें उपलब्ध कराई जाएगी। जनपद पंचायत की सामान्य प्रषासन समिति की बैठक में इस आषय का प्रस्ताव पारित किया गया। जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने बताया कि इस प्रस्ताव में पुराने दुकानदारों का अहित नहीं किया जा रहा है। दुकान आबंटन में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। पचास से ज्यादा दुकाने नए कांपलेक्स में निकलेगी। जिससे लोगों को लाभ होगा। वर्तमान में इस कांपलेक्स के दूसरे तल पर सेंट्रल बैंक संचालित है। पहले तल पर व्यवसायिक दुकाने संचालित है। इस कांपलेक्स का निर्माण जब किया गया तब 25 साल का एग्रीमेंट था। अब तक ये मियाद पूरी हो चुकी है। कई दुकानें मूल मालिकों की जगह दूसरे मालिकों की है। दुकाने बेच दी गई है। महत्वपूर्ण और सबसे महंगे इलाके में होने के बाद भी जनपद को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी, उपाध्यक्ष जमील खान, सीईओ रश्मि चौहान, सभापति गण उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमाक-1,
### राजधानी परियोजना प्रशासन, लो. नि.वि., ई.5, अरेरा कालोनी,भोपाल,
#### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :

| स.क्र. | टेन्डर नं. | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_CPA _351215 | 05/SAC dr. 14.06.24 | गैस राहत उपसंभाग कमाक-2 के अधीन रिहायसी भवनों में पुताई का कार्य | Rs.19.90 | Rs.39.800.00 | Rs.2,000.00 | 08.07.24 |
| 2 | 2024_CPA _351217 | 06/SAC dr. 14.06.24 | गैस राहत उपसंभाग कमाक-2 के अधीन रिहायसी भवनों का वार्षिक रख-रखाव का कार्य | Rs.19.50 | Rs.39.000.00 | Rs.2,000.00 | -तदैव- |
| 3 | 2024_CPA _351219 | 07/SAC dr. 14.06.24 | गैस राहत उपसंभाग कमाक-4 के अधीन रिहायसी भवनों में पुताई का कार्य | Rs.19.20 | Rs.39.400.00 | Rs.2,000.00 | -तदैव- |
| 4 | 2024_CPA _351221 | 08/SAC dr. 14.06.24 | गैस राहत उपसंभाग कमाक-4 के अधीन रिहायसी भवनों में का वार्षिक रख-रखाव का कार्य | Rs.19.85 | Rs.39.700.00 | Rs.2,000.00 | -तदैव- |
| 5 | 2024_CPA _351222 | 9/SAC dr. 14.06.24 | गैस राहत उपसंभाग कमाक-2 के अधीन कबीरा अपार्टमेंट, हंशा काम्पलेक्स एवं गौतम नगर आदि रिहायसी भवनों वाटर प्रूफिंग का कार्य | Rs.19.80 | Rs.39.600.00 | Rs.2,000.00 | -तदैव- |
| 6 | 2024_CPA _351224 | 10/SAC dr. 14.06.24 | गैस राहत उपसंभाग कमाक-2 के अधीन सतगुरु काम्पलेक्स, आदि रिहायसी भवनों में वाटर प्रूफिंग कार्य एवं जल मल निकासी हेतु पाईप लाईन बदलने का कार्य | Rs.19.90 | Rs.39.800.00 | Rs.2,000.00 | -तदैव- |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.07.2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

G-12418/24

कार्यपालन यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक.1,
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि,
ई-5 भरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

## न्यूज ब्रीफ

### नैनो उर्वरकों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता विभाग एवं उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में खरीफ फसलों की तैयारी एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यशाला में रासायनिक एवं पारंपरिक उर्वरक के स्थान पर नैनों उर्वरकों के उपयोग में बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि, यूरिया एवं डीएपी का पौधे मात्र 25 से 30 प्रतिशत तक ही उपयोग कर पाते हैं तथा शेष नाइट्रोजन जमीन में नीचे रिस कर हमारे जल स्त्रोंतो को प्रभावित करता है।

कार्यशाला में बताया गया कि, नैनो यूरिया 4 मीली प्रति लीटर एवं डीएपी 5 मिली प्रति लीटर का उपयोग सीधे पत्तियों पर छिड़काव करके किया जाता है, जिससे उर्वरक की एक संतुलित मात्रा ही पौधों को प्राप्त होती है। नैनो उर्वरक का उपयोग किसानों एवं पर्यावरण के हित में आवश्यक है, इसके उपयोग से उत्पादन में भी 5त्न की वृद्धि देखी गयी है। साथ ही आगामी सीजन में डीएपी उर्वरक की कम मात्रा में उपलब्धता होने से उसके स्थान पर एनपी के उर्वरक जैसे-12.32.16, 19.19.19, 16.16.16 आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यशाला में उप संचालक कृषि केके पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएन यादव तथा इफको के राज्य विपणन प्रबंधक प्रकाश चंद्र पाटीदार एवं उप महाप्रबंधक आरकेएस राठौर सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने आर्थिक सहायता

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आवासीय सुविधा के लिये विशेष व्यवस्था की गई है।अब जिला मुख्यालय में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। साथ ही ब्लॉक मुख्यालय में विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देने के मकसद से किराये के भवन में छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। पिछड़ा वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये मेधावी पुरस्कार योजना नियम- 2010 लागू किये गये हैं। योजना में जिला स्तर पर इस वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाना है। योजना में कक्षा 10वीं बोर्ड में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को 5-5 हजार रूपये, कक्षा 12वीं बोर्ड में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को 10-10 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में दिये जाते हैं।

### उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**झाबुआ।** उल्लास नव भारत अभियांन की जिला स्तर समीक्षा बैठक कलेक्टर सभा कक्ष में सह कार्यशाला में कलेक्टर नेहा मीना ने जिले के समस्त अधिकारियों एवं प्रतिभागीयओं को निर्देशित किया की प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने गांव फलीय में एक-एक कक्षा का संचालन कर जिले को निरक्षता के कलंक से मुक्त करा सकते हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया की साक्षरता अभियान में मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। हमारे बो ई ओ बीआरसी जन शिक्षक एवं समन्वयक की जिम्मेदारी है की प्रत्येक गांव फलिया में हमारी कक्षाओं का संचालन अनिवार्य रूप से किया जावे। कलेक्टर ने संबोधित करते हु बताया है की कॉलेज के प्राचार्य कौन सा बच्चा कहाँ पर कक्षा संचालित करेंगे गूगल शीट के मध्यम से उसको उसके गांव उसके फलीय से निरीक्षणों की सूची उपलब्ध कराकर अक्षर साथी के रूप में काम करने हेतु प्रेरित किया जाये। समस्त एनजीओ के साथियों ने अपने अपने क्षेत्र में एक एक पंचायत गोद लेने का भी निर्णय लिया अपने सुझावओं में सभी व्यक्तियों ने यह तय किया की हम सब मिलकर पूरे जिले को साक्षर बनाएंगे और आने वाली परीक्षा में अधिक से अधिक परीक्षर्थियों को सम्मीलित करेंगे। शारदा विद्या मंदिर थे ओम जी शर्मा कॉलेज प्राचार्य पॉलीटेक्निक के प्राचार्य एवं समस्त प्राचार्य महोदय ने एनसीसी एवं एनएसएस के मध्यम से जिले को साक्षर करने का बिड़ा उठाया बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहायक आदिवासी विकास ने भी बताया की अपनी मात्रभाषा में सभी को साक्षर किया जाएगा। जन अभियां परिषद एवीएन नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स भी सकशर्ता में कक्षाओं का संचालन करेंगे। निष्कर्ष रूप में यह तय किया गया की साक्षरता के लिए सभी जिम्मेदार है, स्वयं आगे रहाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

## भारी उमस बनी परेशानी फसल के लिए बारिश की दरकार

# किसानों ने कहा गर्मी के चलते मामूली बारिश के बाद सोयाबीन जल्द होती है अंकुरित

### कई लोग गर्मी व घबराहट के चलते हो रहे बीमार





**ब्यावरा।** इलाके में पानी नहीं बरसने के चलते भारी उमस लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। कई लोग गर्मी व घबराहट के चलते बीमार हो रहे है अस्पताल के आंकड़े बता रहे है कि मरीजो की तादात लगातार बढ़ रही है। कई लोग उलटी दस्त सहित मौसमी बीमारियों की चपेट में आने लगे है। घरों में बैठे हुए लोगों का पल भर निकालना मुश्किल हो रहा है। उधर बार बार हो रही बिजली कटौती गर्मी में आग में घी डालने का काम कर रही है। एक दो दिन में भारी बारिश नहीं हुई तो लोग अधिक परेशान हो सकते है। एरिया में दो तीन दिन पूर्व हुई मामूली बारिश से आसपास के इलाकों में फसलों की बुआई किसान भाईयों ने कर दी है अब वे भी फसल के लिए बारिश होने की बाट जोहने लगे है। किसानों का कहना है कि जमीन में अत्यधिक गर्मी है और गर्मी के चलते मामूली बारिश के बाद सोयाबीन जल्द अंकुरित हो जाती है। इस कारण बारिश के बाद फसल की बुआई की गई है। उधर सूर्य देव भी आर्दा नक्षत्र में प्र वे श कर चुके है जो कि बुआई का नक्षत्र माना जाता है। मामूली बारिश की इलाके में हुई है जो जिला वर्षा मापी केंद्र से मिले बारिश के आंकड़े भी बता रहे है कि दो दिन से इलाके में पानी नहीं बरसा है।

बता दें कि, उधर मौसम विभाग की तरफ से प्रतिदिन भारी बारिश की चेतावनी दी जाती है लेकिन बूंदाबादी तक के हालात नहीं बन पाते है।

#### बरसाती कीड़े बने मुसीबत

गर्मी से झिंगुर जैसे बारिश के कीड़े व लाईट में पनपने वाले कीड़े इस समय लोगों के लिए भारी मुसीबत बने हुए है। बार बार उड़कर खाने पीने के सामान में गिर रहे है वहीं कई लोगों के कपड़ो में पहुंचकर शरीर को नुकसान पहुंचा रहे है। यहीं नहीं कुछ लोगों के कान तक में घुसने की शिकायत भी मिली है। उल्लेखनीय है कि, आमजनों का और अन्य का कहना है कि पानी गिरने के बाद कम से कम इन कीड़ो से तो निजात मिलेगी।

अभी तक केवल जिले में 100 मिमी बारिश होना दर्ज की गई है। किसानो को भी भारी बारिश का इंतजार है व आम जन भी बादलों की तरफ निहार रहा है।

## खेल

# इस बार क्या खत्म होगा ट्रॉफी का इंतजार



भारत एक बार फिर से आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट स्टेज में जगह बना ली है। टीम 27 जून को इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल खेलेगी। 2013 के बाद भारत 11वां आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहा है। टीम ने 10वीं बार नॉकआउट राउंड में जगह बनाई है। हालांकि लगातार ग्रुप स्टेज पार करने के बावजूद भारत के हाथ 2014 से एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं लग सकी है। भारत ने 2007 में पहला ही टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया, टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराकर ट्रॉफी जीती। इसके बाद टीम ने 7 और टी-20 वर्ल्ड कप खेले। 3 बार टीम नॉकआउट स्टेज यानी सेमीफाइनल और फाइनल तक पहुंची, लेकिन खिताब चूक गई।

2014 में भारत ने साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया, लेकिन श्रीलंका से फाइनल गंवाना पड़ा। 2016 में अपने ही घरेलू मैदान पर भारत नॉकआउट में पहुंचा, लेकिन वेस्टइंडीज से सेमीफाइनल गंवाना पड़ गया।

# राजस्थान के शिक्षा मंत्री के खिलाफ आदिवासी समाज ने खोला मोर्चा




**आमला।** राजस्थान के शिक्षा मत्रीं ने बीते दिनों आदिवासी समाज पर अपत्तिजनक टिप्पणी की जिससे अनुसूचित जनजाति वर्ग खासा नाराज है जगह जगह ज्ञापन सौंपे जा रहे है आदिवासी समाज ने शिक्षा मंत्री के खिलाफमोर्चा खोल रखा है आज जय आदिवासी यूवा शक्ति (जयस) संगठन द्वारा आमला में ज्ञापन सौंपकर नाराजगी व्यक्त की गई और राजस्थान के शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र मांगा। ज्ञापन सौंपते समय जयस के तहसील अध्यक्ष गोविंद उइके, उपाध्यक्ष सुनिल उइके, नगर अध्यक्ष सुनिल धुर्वे, रोहित धुर्वे, हरिशचन्द्र मार्सकोले, अनिल इवने, कैलाश परते, मनीष परते, दीपक धुर्वे, सोनु धुर्वे, सुरेश उइके, धरमपाल सलामे, विजय उइके, विजय परते, मनीष कवड़े, आशिष मर्सकोले सहित बड़ी संख्या में जयस के कार्यकर्ता उपस्थित थे। आज भारत आदिवासी पार्टी द्वारा भी राष्ट्रपती के नाम ज्ञापन सौंपा गया और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। यहां पर ज्ञापन सौंपने वालों में भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल उइके, सलीम शाह आदि उपस्थित थे।

# सज्जनों का सम्मान और दुर्जनों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई हो: वर्मा

## राजस्व मंत्री ने आष्टा के नवीन थाना भवन का किया लोकार्पण



**सीहोर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर तथा डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने आष्टा के नवीन थाना भवन का लोकार्पण किया। यह नवीन थाना भवन 94 लाख रुपये की लागत से 5535 वर्ग फुट क्षेत्रफल मे बना है।

शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि, नवीन थाना भवन में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से पुलिस बेहतर ढंग से कार्य संपादन कर सकेगी। इसके साथ ही थाने मे आने वाले नागरिकों को बेहतर परिवेश मिलेगा। वर्मा ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा में 24 घंटे उपलब्ध रहती है और हर परिस्थिति में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे समर्पित भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है।

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि, लोगों के काम सुगमता से हो सके इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि, राजस्व संबंधी कामों के लिए लोगों को भटकना न पड़े इसके लिए प्रदेश में राजस्व महाअभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 30 लाख से भी अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रदेश के थानों का उन्नयन तथा नवीन भवनों की दे रहे हैं सौगात, विधायक इंजिनियर विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए पुराने थाना भवन में पर्याप्त स्थान नही था। इस नवनिर्मित भवन से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ही पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी कार्य संपादन करना पहले से अधिक सुविधाजनक होगा।

> वर्मा ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सज्जन लोगों का सम्मान होना चाहिए और दुर्जनों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही होना चाहिए, थाने परिसर का वातावरण और पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि थाने में आने वाले व्यक्ति को यह लगे कि उसके साथ न्याय होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के सभी थानों को उन्नयन और नये थाने की सौगात दे रहे है। डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इस नवीन सर्वसुविधायुक्त थाना भवन से पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य संचालन में सुविधा होगी और थाने में आने वाले नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

#### सर्वसुविधायुक्त नवीन थाना भवन से पुलिस की कार्यक्षमता में होगी वृद्धिः कलेक्टर

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने नवीन थाना भवन के लोकार्पण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां कार्य संपादित करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे व्यापार हो या अन्य कोई व्यवसाय हो या अन्य कोई सेवा हो, प्रत्येक व्यक्ति के काम एक समय निर्धारित होता है, लेकिन पुलिस का कोई निर्धारित समय नही है, उन्हें जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहना पडता है। एसपी मयंक अवस्थी ने कहा कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से आष्टा थाना बहुत महत्वपूर्ण है। बढ़ती जनसंख्या और कानून व्यवस्था की नई चुनौतियों को देखते हुए काफी समय से नवीन भवन की आवश्यकता थी। उन्होंने बताया कि 94 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह थाना भवन वर्तमान समय की सभी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बनाया गया है। थाना भवन में महिलाओं, बच्चों के लिए पृथक कक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस थाना भवन की खास बात यह है कि वर्षा के जल संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे इस परिसर के भू-जल में वृद्धि होगी।

# लापरवाही करने वाले सीएचओ एवं एएनएम पर निरंतर कार्यवाही जारी



**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने हेतु फिल्ड में लगातार भ्रमण कर लापरवाही पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 26 जून बुधवार को निरीक्षण के दौरान सीएचओ निकीता शर्मा आयुष्मान आरोग्य मंदिर गढ़वाड़ा, सीएचओ ललिता डावर आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोमला, सीएचओ सोनल हिहोर आयुष्मान आरोग्य मंदिर झकेला, सीएचओ रविना कटारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमलिया बड़ा अनुपस्थित पाये गए जिनका 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए तथा एएनएम द्वारा समय से पूर्व सत्र स्थल छोड़ने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

## सड़क बाधित कर रहे लोगों को तीसरे दिन भी हटाया

# तीसरे दिन भी चली सड़क बाधित करने वालो पर कार्रवाई



**ब्यावरा।** शहर में प्रशासन द्वारा नगर को व्यवस्थित किए जाने को लेकर तीसरे दिन भी सड़क बाधित कर रहे लोगों को हटाया। इस बीच नपा की टीम ने कई लोगों के सामान को जब्त किया व आगे से बीच मार्ग पर सामान आदि नहीं रखने की चेतावनी दी। इस कार्रवाई में राजगढ़ रोड़ पर एक दुकान पर कुछ देर बहस की स्थिति उस समय बनी जब दुकान पर ट्रांसपोर्ट से आए सामान को हम्माल उतारने के लिए मिनी आटो से आएं इस बीच आए प्रशासन की ओर से लोगों ने उसे रोका तो दुकानदार ने आपत्ति दर्ज की लेकिन प्रशासन ने उसकी नहीं सुनी। बाद में उस वाहन को पुलिस थाने पहुंचाया। बुधवार को चली कार्रवाई में एसडीएम गीताजंली शर्मा, पुलिस थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़, सीएमओ रईस खान सहित नपा का अमला व पुलिस की टीम चल रही थी। गौर करने वाली बात यह है कि मंगलवार को प्रशासन ने सख्ती से जिस फल फ्रूट की दुकानो को सुबह हटाया था वह कुछ ही देर रहा और शाम छह से सात बजे उसी स्थान पर सब्जी व फल की दुकाने फिर से लग गई थी जिसे देखने के लिए कोई प्रशासन की तरफ से कोई नहीं पहुंचा था। जो लोगों के लिए चर्चा का विषय रहा। बुधवार की कार्रवाई में फिर से उन दुकानदारों को हटाया गया। नहीं हटाए दो पहिया वाहन - कहने को तो यातायात पुलिस थाना ब्यावरा में है लेकिन देखा जा रहा है कि यातायात बाधित करने वाले कई दुकानदारों को प्रशासन ने सख्ती से हटाया है जिससे कुछ राहत मिली है।

लेकिन जो दो पहिया वाहन चालक बीच मार्ग में वाहन खड़े करते हुए रास्ता बाधित करते है उन लोगों पर यातायात महकमे की मेहरबानी रही जिससे वो वाहन वाले बेखौफ होकर हर कहीं पर वाहन पार्क करते हुए देखे गए। जब यातायात थाना प्रभारी देवनारायण पांडे से पूछा गया कि आखिर इन वाहन वालो पर क्यों कार्रवाई नहीं की जा रही है तो वह उत्तर नहीं दे पाए। जबकि बीच मार्ग पर कई जगहों पर वाहन से रास्ता बाधित होता रहा।

### आगामी पशु गणना के लिए भारत सरकार द्वारा मोबाइल एप लॉन्च

**सीहोर।** 21 वीं पशुधन गणना की तैयारी के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को रणनीति बनाने और सशक्त करने के लिए केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में 21वीं पशुधन डेटा संग्रह के लिए विकसित मोबाइल एप्लीकेशन का भी शुभारंभ किया। भारत की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के लिए पशुधन क्षेत्र का अधिक महत्व हैं। पशुधन गणना की सावधानीपूर्वक योजना बनाने और उसे लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, एकत्र किया गया डाटा, भविष्य की पहलों को आकार देने और क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला का उद्देश्य सितंबर-दिसंबर 2024 के दौरान निर्धारित आगामी पशुधन गणना के लिए एक समन्वित और कुशल दृष्टिकोण सुनिश्चित करना है।

# जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर सेंट एन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के सामान की कुर्की

## स्कूल पर लगाया था दो लाख रुपए का जुर्माना



**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सीहोर नगर तहसीलदार नीलम परसेंडिया के नेतृत्व में राजस्व विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका की टीम द्वारा सेंट एन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा जुर्माने की राशि जमा नही करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई कुर्की की कार्रवाई में लगभग 02 लाख रुपये मूल्य के संस्था के 15 कंप्यूटर जब्त किए गए। उल्लेखनीय है कि सीहोर के सेन्ट एन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा फीस वृद्धि और एक ही दुकान से छात्र-छात्राओं को पुस्तकें खरीदने की शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायत सही पाये जाने पर कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सेन्ट एन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। साथ ही जुर्माने की राशि सात दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश दिए थे।

सेंट एन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की 14 जुलाई 2023 को फीस वृद्धि तथा छात्र-छात्राओं द्वारा एक ही दुकान से पुस्तकें क्रय करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में संबंधित स्कूल के प्राचार्य/संचालक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था। सूचना पत्र का जवाब समाधान कारक नहीं पाए जाने पर 18 दिसंबर 2023 को कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने चार सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जांच दल द्वारा संस्था प्रबंधन को शिकायतों का निवारण करने के लिए कहा गया।

जिनमें संस्था प्रबंधन छात्र - छात्राओं से जो फीस वृद्धि की गई है, उन्हें पालकों को वापिस करने के लिए कहा गया एवं छात्र - छात्राओं की पुस्तके जो कि एक ही दुकान से विक्रय हो रही है, उसे न्यूनतम तीन दुकानों पर विक्रय कराने एवं छात्र - छात्राओं की धार्मिक आस्थाओं पर ठेस न पहुंचाने एवं बच्चों पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक दबाव नहीं बनाने के निर्देश दिए गए थे।

# कुएं का पानी पीने को मजबूर लोग



**आमला।** हर ग्रामीण को स्वच्छ पेयजल मिले, सरलता से मिले इसके लिए केन्द्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण अंचलों में नलजल योजना शुरू की है लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से योजनाओं को पूरा करना है। पी.एच.ई. ने योजनाए पूरी करने की जिम्मेदारी ठेकेदारों को दे रखी है। ठेकेदारों की लेट लतीफी के चलते कुछ ग्रामों में नलजल योजनाए अधर में लटकी है। ग्राम लादी के लिए पी.एच.ई. ने 68 लाख रूपयें मंजूर किए तो आदिवासी बाहुल्य ग्राम बिच्छुखान के लिए 27 लाख रूपयें स्वीकृत की है। इस मंशा से कि गरीब परिवारों को सरलता से पेयजल मिल सकें, पर दोनो ग्राम में 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नलजल योजना का कार्य शुरू ही नही हो सका है। लादी में योजना अधर में लटकी है तो बिच्छुखान में कुछ मीटर पाईप बिछाकर ठेकेदार नौ दो ग्यारह हो गया है। ग्राम लादी में जल स्तर काफी नीचे चला जाता है यही स्थिति ग्राम पंचायत लादी के ग्राम भांडावाड़ी की भी है दोनो ग्रामों में नलजल योजना का काम शुरू नही होने से ग्रामीण खासे नाराज है। गौरतलब है कि वनग्राम बिच्छुखान में अधिकांश गरीब आदिवासी परिवार के लोग निवास करते है। ग्राम लादी की भुरी सरयाम, रेखा सरयाम, सुनिता बैठे ने बताया कि हमारे ग्राम के आसपास के ग्रामों में घर घर नल है बड़ी बड़ी टंकीया है पर हमारे ग्राम में सरकार ने कोई योजना शुरू नही की है सभी ग्रामीण कुंआ का पानी पीते है गर्मी में गांव से दूर के कुओं से पानी लाना पड़ता है धीरे धीरे उन कुओं में भी पानी कम हो रहा है। ग्राम की सुमरी सरयाम ने बताया कि कुंआ भी कोई नजदीक नही है ग्राम से एक देड कि.मी. दूर है।

#### बारिश में भी दिक्कत गर्मी में भी मुश्किल

ग्राम के मुन्नालाल उइके ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि बारिश के दिनों में कुआ का पानी लाना काफी मुश्किलों भरा होता है। जहरीले जीव जन्तुओं का भी डर बना रहता है। ग्रीष्म ऋतु में तो दिक्कत होती ही है कुंआ का पानी नीचे चला जाता है।

#### ग्राम के साथ भेदभाव क्यों?

इस विषय में ग्राम पंचायत लादी के सरपंच राजू सिलू से चर्चा की गई तो उन्होने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जब सब जगह नलजल योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है तो हमारी ग्राम पंचायत के साथ भेदभांव क्यों किया जा रहा है। पी.एच.ई. और वन विभाग एक दूसरे पर टाला मटोली करते है। ग्रामीणों को इससे क्या? दोनो विभाग समन्वय बैठाकर जल्द से जल्द नलजल योजना का कार्य शुरू करें।

## मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को किया संबोधित

# आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी: डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोकतंत्र सेनानियों के प्रादेशिक सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास में संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल की संघर्ष गाथा पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। आपातकाल के कष्टों से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से तत्कालीन परिस्थितियों, दमन और लोकतंत्र सेनानियों की जीवटता का उल्लेख पाठ्यक्रम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे लोकतंत्र सेनानियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता, नानाजी देशमुख एवं जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोकतंत्र सेनानियों का प्रादेशिक सम्मेलन वंदे-मातरम गान के साथ आरंभ हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास मुख्यमंत्री का निवास नहीं, अपितु लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक भाग है और लोकतंत्र सेनानी लोकतांत्रिक व्यवस्था के सर्वाधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। मुख्यमंत्री निवास में स-सम्मान आना उनका अधिकार और सेनानियों का स्वागत व सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, लोकतंत्र सेनानी मुख्यमंत्री निवास पधारे, यह हमारा सौभाग्य है।

### लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष के कारण ही जारी हैं देश में संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं | लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष जनता की लड़ाई, जनता के लिए, जनता द्वारा लड़े जाने का है उदाहरण

### लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा तथा एयर टैक्सी के किराये में छूट



**लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी अनेक सुविधाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को सर्किट हाऊस और विश्राम गृह में तीन दिन तक रूकने की सुविधा तथा किराये में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। जिन लोकतंत्र सेनानियों को अब तक ताम्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें ताम्रपत्र प्रदान किये जाएंगे। लोकतंत्र सेनानियों को पास दिखाने पर टोल नाकों पर भी छूट रहेगी। उनके आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज पर हुए व्यय के भुगतान में विलम्ब नहीं होगा। कलेक्टर द्वारा 3 माह में भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। गंभीर स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में उपचार के लिए बड़े अस्पताल या अन्य महानगर जाने के लिए उन्हें एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलाब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में आरंभ एयर टैक्सी सुविधा के किराए में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों की राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंत्येष्ठी की जाएगी। इसके साथ ही अंत्येष्ठी के समय दी जाने वाली 8 हजार रुपए की राशि को 10 हजार रुपए किया जाएगा। लोकतंत्र सेनानियों के परिवार के सदस्यों को उद्योग धंधे लगाने अथवा अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनके लिये रोजगार की व्यवस्था की जाएगी।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनीं सरकार देश को विश्व में गौरवान्वित कर रही है**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार, भारत के लोकतंत्र को सम्पूर्ण विश्व में गौरवान्वित कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को जीवंत बनाए रखने में लोकतंत्र सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान है। तत्कालीन सत्तारूढ़ दल की दमनकारी नीतियों से सभी परिचित हैं। आपातकाल के काले दौर में लोकतंत्र सेनानियों ने संघर्ष कर लोकतंत्र को सच्चे अर्थों में स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पड़ोसी देशों में जहां लोकतंत्र की हत्या हो गई, वहीं भारत में लोकतंत्र सेनानियों की अनुशासित सेना तथा उनके संघर्ष के परिणाम स्वरूप दोबारा चुनाव हुआ। साथ ही सत्ता का हस्तांतरण भी हुआ, जिससे देश में संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं निरंतर जारी रहीं। लोकतंत्र सेनानियों द्वारा घर-घर जाकर राष्ट्रवादी विचारों के प्रचार के परिणाम स्वरूप ही यह संभव हुआ। आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अनुसूचित जनजाति की बहन को राष्ट्रपति बनते हुए सम्पूर्ण विश्व ने देखा और सराहा।

**लोक सभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने पहले भाषण में लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को याद किया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले भाषण में लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए उन्हें नमन् किया और कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का सुचारू संचालन उन्हीं के प्रयासों से संभव हुआ है। यह जनता की लड़ाई, जनता के लिए, जनता द्वारा लड़े जाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने जिन उद्देश्यों के लिए संघर्ष किया था, वह सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सिद्ध होते दिखाई दे रहे हैं। धारा 370 का हटना, तीन तलाक, सुशासन आदि इसके प्रतीक हैं। विविधता वाले देश में प्रधानमंत्री मोदी ने इतनी बड़ी उपलब्धियां अर्जित कीं इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आंतरिक ही नहीं बाहरी चुनौतियों का भी पूरे सामर्थ्य से सामना करने में सफल हुआ है।

## लोकतंत्र सेनानियों का किया गया सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक ने शॉल-श्रीफल और स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिवादन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के राष्ट्रीय विचारधारा के प्रति समर्पण, राजनीतिक संघर्ष और उनके द्वारा भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

**» नेनो ब्रीफ**

### केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह से उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सौजन्य भेंट की



**नई दिल्ली।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नवीन कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## गरीब आदमी के जीवन में रोशनी लाने के लिये नवाचारी काम करें: विजय शाह

**भोपाल।** हर गरीब आदमी के जीवन में नई रौशनी आये, लोग अपने पैरो पर खडे होकर आत्म निर्भर बनें, इस दिशा में नवाचारी तरीके से काम करने की जरूरत है। जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बुधवार को कलेक्टर सभागार उमरिया में हुई प्रधानमंत्री जन मन योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को यह निर्देश दिए। बैठक में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि भारत सरकार व्दारा बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिये आयुष्मान योजना के माध्यम से पांच लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इलाज में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों की फीस के लिए अलग-अलग मापदण्ड हैं। इसके लिए कलेक्टर टीम गठित कर अशासकीय स्वास्थ्य संस्थानों की जांच कराएं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि देश की सेवा करते हुए शहीद होने वाले सैनिकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सहायता राशि दी जाती है। अब यह सहायता राशि शहीद की पत्नी के अलावा शहीद के माता-पिता को भी समान रूप से दी जायेगी।



जन जातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि उमरिया जिले में बांधवगढ टाईगर रिजर्व क्षेत्र में 'होम स्टे योजना' के क्रियान्वयन की व्यापक संभावनाएं है। प्रायोगिक तौर पर 10 चयनित जनजातीय परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जाये। इन चयनित परिवारों को सब्जी उत्पादन, मछली उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, जैविक खाद उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिया जाए। इसी तरह बांधवगढ टाईगर रिजर्व पार्क मुख्यालय में जन जातीय कला एवं संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिये विभिन्न विभागों के सहयोग से ओपन थियेटर की स्थापना की जाये। जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को पार्क में भ्रमण के अतिरिक्त मनोरंजन के अन्य साधन भी सहजतापूर्वक उपलब्ध हो सके। ऐसा करने से जहां स्थानीय कला, संस्कृति एवं पकवानों को संरक्षण मिलेगा, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।

**डॉ. मोहन यादव ने की सौंजन्य भेंट**



### मुख्यमंत्री की राजस्थान के मुख्यमंत्री शर्मा और केंद्रीय मंत्री यादव से भेंट

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार 26 जून को मध्य प्रदेश भवन में सौजन्य भेंट कर अंतर्राज्यीय विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री द्वय डॉ. यादव और शर्मा ने बाद में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव का मध्यप्रदेश भवन में स्वागत किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री यादव के विभाग से संबंधित दोनों राज्यों के पारस्परिक मुद्दों पर भी चर्चा की।*

## किसान हितैषी निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का हार्दिक आभार: कंषाना

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का किसान हितैषी निर्णयों के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मध्यप्रदेश की जनता और किसानों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं भी दी। कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार किसानों के हित में सतत निर्णय ले रही है। मंगलवार को मंत्री परिषद की बैठक में विकासखंड स्तर पर नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के भवन एवं प्रयोगशाला उपकरणों को युवा उद्यमियो या संस्थाओं को उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी है।



सरकार के द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक फैसले से हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा साथ ही मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं का बेहतर उपयोग भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं से किसानों को उत्पादन बढ़ाने में आवश्यक सुझाव देकर मदद की जा सकेगी। कृषि मंत्री कंषाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर 'एक पेड़ माँ के नाम' के अभियान को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित कर साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को अभूतपूर्व बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित अभियान में लगाए जाने वाले पेड़ों की सुरक्षा की गारंटी हमारे स्थानीय प्रशासन की रहेगी। सरकार इसकी सतत मॉनिटरिंग करेगी जिससे अभियान अंतर्गत लगाये जाने वाले पौधे, वृक्ष बन सके और पर्यावरण संरक्षण में हम सभी सहभागी बन सके।

## सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव: कुशवाह

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर मंत्री की अपील

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज बनाया जा सकता है। कुशवाह ने 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार, भारत सरकार के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नशा मुक्त समाज की पहल की जा रही है। लेकिन इसके बाबजूद नशा मुक्त समाज का निर्माण नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्तिगत ही नहीं सामाजिक बुराई है इसलिए बिना सामाजिक भागीदारी



और सक्रियता के नशा मुक्त सामज के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। कुशवाह ने कहा कि प्रदेश का सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा 15 जून से 30 जून 2024 तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्थानीय जिला प्रशासन के साथ स्वयं सेवी संस्थाओं, संगठनों के माध्यम से स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। अभियान के अन्तर्गत पुलिस प्रशासन के माध्यम वाहन चालकों जागरूकता अभियान, अनुभाग और जनपद स्तर सभाओं का आयोजन शपथ ग्रहण समारोह, स्कूल, महाविद्यालयों में नशामुक्ति का संदेश वाले संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय नशा मुक्ति हैल्पलाइन नम्बर 14446 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## मप्र के सरकारी दफ्तरों में लेटलतीफी पर सख्ती

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की लेटलतीफी और वक्त से पहले घर जाने की गलत आदत को देखते हुए अब एमपी सरकार ने सख्त रूख अपनाया है। मध्यप्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को एक आदेश जारी किया गया है जो कार्यालीन समय पर उपस्थित होने के संबंध में हैं। आदेश के मुताबिक सभी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सरकारी दफ्तरों में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। मध्य प्रदेश में कोरोना काल के दौरान सप्ताह में शनिवार और रविवार का अवकाश करते हुए 5 दिन कार्यालय लगने के आदेश हुए थे। समय निर्धारित किया गया था सुबह 10 बजे से शाम 6 : 00 बजे तक। इस प्रकार सभी शासकीय कार्यालयों का समय एक घंटा ज्यादा किया गया था। लेकिन यह देखा गया कि अधिकारी और कर्मचारी आदेश होने के इतने साल बाद भी अभी भी समय पर दफ्तर नहीं आ रहे हैं और शाम को 6 :00 बजे तक नहीं रुकते हैं।



### विधानसभा उप चुनाव के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**भोपाल।** राज्य शासन ने जिला छिंदवाडा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 123- अमरवाडा (अ.ज.जा.) में 10 जुलाई (बुधवार) को होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं।

## आज होगी बिजली कटौती

**भोपाल।** राजधानी के 25 से अधिक इलाकों में गुरुवार को 4 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई बंद रखी जाएगी। ऐसे में लोग जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, कोई परेशानी न हो। गुरुवार को जिन इलाकों में मेंटेनेंस के चलते सप्लाई बंद रहेंगी, उनमें ऋषिपुरम, गिन्नौरी रोड, प्रकाश नगर, गोपाल नगर, विनीतकुंज जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं।



- सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक इंद्रलोक नगर, प्रकाश नगर, भेल नगर, राज स्मार्ट फेस-3 एवं आसपास के इलाके।
- सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक ऋषिपुरम, दीप नगर, अजय हाइट्स, स्टॉर एवेन्यू एवं आसपास के क्षेत्र।
- सुबह 9 से शाम 4 बजे तक अमृतपुरी, गोपाल नगर, नागार्जुन, सुरभि लाइफ, निर्मल नगर, राधिका कुंज एवं आसपास।
- सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कमला पार्क एरिया, गिन्नौरी रोड, सीआई हाइट्स, विनीतकुंज ए सेक्टर, आइना बंगला, अरिहंत अस्पताल एवं आसपास के इलाके।

**हादसा** | अनबैलेंस हो गई थी कार, पेड़ से टकरा गई

## टैंकर-कार का एक्सीडेंट, 3 लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के आष्टा में एक बड़ा एक्सीडेंट की खबर सामने आई है, बता दें कि टैंकर और कार की टक्कर से 3 लोगों की मौत हो गई। इंदौर-भोपाल हाईवे पर हुई दुर्घटना। इंदौर से लौट रहे तीनों युवकों ने देवास के पास किसी ढाबे में खाना खाया था। वहां एक दोस्त मोबाइल छूट गया था। जिसे वापस लेने के लिए गए थे। इस दौरान रात 12 से 1 बजे के बीच किलेरामा के पास उनकी तेज रफ्तार कार पहले पीछे से दूध के टैंकर में जा टकराई। फिर बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे तीनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह तीनों अरवलिया गांव के दामाद थे। आष्टा के पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया- घटना में भोपाल के खारखेड़ी निवासी कार सवार महेश ठाकुर (42), रूप सिंह ठाकुर (42) निवासी खजूरी खुर्द



भोपाल, सुनील मेवाड़ा (28) निवासी भोपाल की मौत हुई है। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद सभी के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जिस दूध के टैंकर में कार पीछे से घुसी वह भी भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था। मृतक सुनील के भाई विष्णु पटेल ने बताया- खजूरी में वह खेती करता था। तीनों मंगलवार शाम 5 बजे किसी काम से इंदौर गए थे। वापसी में इन्होंने देवास स्थित एक ढाबे पर खाना खाया। सीहोर आने के बाद रूप सिंह को ध्यान आया कि उनका मोबाइल कहीं छूट गया है। जब नंबर पर फोन किया गया तो उन्हें बताया कि आपका मोबाइल ढाबे पर है। मोबाइल लेने के लिए वे तीनों वापस निकले, जहां रास्ते में यह घटना हो गई।
सुनील मेवाड़ा: सुनील खजूरी के रहने वाले हैं, यह खेती बाड़ी का काम करते हैं। परिवार में पत्नी और 1 बेटा है, जिसकी उम्र 7 साल है। रूप सिंह: खजूरी के रहने वाले हैं। यह खेती बाड़ी का काम करते हैं। साथ ही रायसेन रोड पर खुशी और आयुष्मान ढाबा के भी संचालक हैं। इनके 2 बच्चे हैं। महेश ठाकुर: खार खेड़ी फंदा के हैं। वे खेती बाड़ी का काम करते हैं। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

## राजधानी के हनुमान गंज का मामला सुरक्षा गार्ड ने खाया जहर, मौत

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आये दिन लोग आत्म हत्या कर रहे है, बता दें कि कोई तंगी हालत से, तो कोई परेशानी में, ऐसा ही एक मामला राजधानी के हनुमान गंज इलाके में आया है। बता दें कि सुरक्षा गार्ड ने जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। युवक एक एटीएम में गार्ड की नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि उसने देर रात एटीएम में जहरीला पदार्थ खा लिया था। रात करीब 2 बजे आसपास के लोगों ने गार्ड को एटीएम के पास ही एक सोफे पर बेहोशी की हालत में देखा। जिसके बाद उन्होंने एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया। युवक को हमीदिया अस्पताल भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रशांत के भाई निकांत विश्वकर्मा का कहना है कि 2022 में चाचा जीवन विश्वकर्मा ने उसकी शादी करवाई थी। शादी में लगभग 3 से 4 लाख रुपयों का खर्चा आया था। जीवन विश्वकर्मा प्रशांत से पैसे वापस लौटाने के लिए दबाव बना रहे थे। निकांत ने बताया कि प्रशांत ने आधे से ज्यादा पैसे लौटा दिए थे, लेकिन इसके बाद भी उनके चाचा उन्हें टॉर्चर करते थे। थाना पुलिस ने बताया कि प्रशांत विश्वकर्मा (30) भोपाल के भौरी इलाके में अपने परिवार के साथ रहता था। प्रशांत बैरसिया रोड स्थित बैंक के एटीएम में गार्ड की नौकरी करता था। मंगलवार की रात उसकी नाइट ड्यूटी थी। देर रात उसने एटीएम के भीतर ही जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के असल कारणों का खुलासा परिजनों के बयानों के बाद ही हो पाएगा।



**स्वामी, विजय कुमार दास के लिए मुद्रक, प्रकाशक पृथ्विजय कुमार दास** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड के लिए 10-10 सेक्टर बी इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं हिन्दी मेल भवन, नेशनल प्रेस एरिया, सप्रे मार्ग, लिंक रोड, नं. 3, प्लाट नं. 3, पत्रकार कॉलोनी के पास भोपाल-462003 (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक : पृथ्विजय कुमार दास।** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * **समूह संपादक : विजय कुमार दास (RNI No. 64654/96) कार्यकारी संपादक :** अनीता चौबे मो. नं. 9893288371, **स्थानीय संपादक :** नौशाद कुरैशी मो. नं. 9424002407, **समाचार संपादक :** देव चौबे मो. नं.8269453234
**डीटीपी हैड :** दीपेन्द्र कौशल, **मोबाईल नं.** 9907218737 **दूरभाष:** 0755-4948144, 2994470, **E-mail: hindimailbpl@gmail.com, lifeindiamedia@gmail.com,**(रिलीज आर्डर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें: **hindimailadvt@gmail.com** पर संपर्क करें।)